## हजरत शाह विलायत साहब का हुआ विसाली कुल

**रामपुर, अमृत विचार :** सैंजनी नानकार स्थित हजरत शाह विलायत साहब के सालाना उर्स के तीसरे दिन बुधवार को अकीदतमंदों ने मजार शरीफ पर चादरपोशी कर दुआ मांगी। फज्र की नमाज के बाद कुरान मजीद मुकम्मल हुआ। सुबह 10 बजे तीसरा कुल शरीफ हुआ और अकीदतमंदों में लंगर तकसीम किया गया।

मजार शरीफ में असर की नमाज के बाद मौलाना फैजान खां ने तकरीर में कहा कि बुजुर्गों के आस्तानों पर जो सच्चे दिल से मांगता है उसे जरूर मिलता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के बताए रास्ते पर चलने से जिंदगी में कोई परेशानी नहीं आती है। मगरिब की नमाज के बाद महफिले समां में कव्वालों ने कलाम पेश किए। कलाम सुनकर अकीदतमंद झूम उठे। हाजी मोहम्मद अकील ने चादर पेश की। इशा की नमाज के बाद लंगर तकसीम हुआ और रात 1:30 बजे विसाली कुल शरीफ हुआ। इस मौके पर सज्जादानशीं सैयद शाह नासिर मियां, कलियर शरीफ के गद्दीनाशीन शाह खालिक मियां साबरी, सैयद उस्मान मियां, सैयद फैजान मियां, सैयद साकिब मियां, राकिब मियां, सैयद आमिर मियां, सैयद नोमान मियां, सैयद असलम मियां आदि मौजूद रहे।

# सातवें दिन मां कालरात्रि की आराधना कर मांगा निर्भय जीवन का आशीर्वाद

## सुबह से लेकर शाम तक चला पूजा अर्चना का क्रम, आरती में गूंजा माता का जयकारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा के उग्र एवं शक्तिशाली स्वरूप मां कालरात्रि की आराधना श्रद्धा के साथ की गई। बुधवार को सुबह मंदिरों के कपाट खुलते ही भक्त दर्शन के लिए पहुंचने लगे। कई स्थानों पर सुबह की आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और मां का जयकारा लगाया।

मां कालरात्रि की पूजा में मान्यता के अनुसार भक्तों ने मां को गुड़, सिंदूर और लाल पुष्प अर्पित किए। घरों में भी भक्तों ने सादगी के साथ पूजा कर दीप जलाए और परिवार की सुरक्षा व सुख-शांति की कामना की। इसके बाद दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचे। मंदिरों में दिनभर साज-सज्जा के साथ ही धार्मिक गतिविधियां चलती रहीं। कहीं हवन-पूजन हुआ तो कहीं देवी जागरण और भक्ति गीतों का आयोजन। शाम को शृंगार आरती और शयन आरती के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।



मंदिर पर पूर्जा अर्चना करने पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

प्राचीन काली माता मंदिर, मनोकामना मंदिर समेत शहर के प्रमुख मंदिरों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। मंदिरों के बाहर और भीतर पुलिस बल तैनात रहा और श्रद्धालुओं को व्यवस्थित ढंग से दर्शन कराए गए।

### कालरात्रि पूजन का विशेष महत्व

पंडित राघव शास्त्री ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां कालरात्रि दुष्ट शक्तियों का नाश कर भक्तों को भयमुक्त करती हैं। इस दिन उनकी पूजा से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और साहस व आत्मविश्वास की वृद्धि होती है। माता रानी का यह स्वरूप राक्षसों के लिए जितना उग्र है उनका हृदय भक्तों के लिए उतना ही कोमल है।

## ऋषिपाल प्रधान एडवोकेट बने बसपा के जिलाध्यक्ष

**मुरादाबाद/भगतपुर :** विकास खंड भगतपुर टांडा क्षेत्र के ग्राम डांडी दुर्जन निवासी ऋषिपाल प्रधान एडवोकेट को बहुजन समाज पार्टी का मुरादाबाद जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके जिला अध्यक्ष बनने पर समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों में समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और मिठाइयां बांटीं। ऋषिपाल प्रधान एडवोकेट ने बताया कि बसपा सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर उन्हें मुरादाबाद जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं एवं आगे भी नई उर्जा के साथ अपने कार्य को आगे बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने अपने राजनीतिक अनुभव का उल्लेख करते हुए बताया कि वे पूर्व में मुरादाबाद मंडल के जोन इंचार्ज, मंडल प्रभारी, मंडल मुख्य सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, विधानसभा 27 महासचिव, विधानसभा प्रभारी तथा जिला सचिव जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।

# दूसरे जिले के अधिकारी की निगरानी में पैमाइश व जांच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मंडलायुक्त ने जिला प्रशासन की रिपोर्ट देखने के बाद दिया निर्देश, अमरोहा की एडीएम कर रहीं नेतृत्व

**अमृत विचार :** धीमरी में सीएम कंपोजिट विद्यालय के लिए चिह्नित जमीन पर इस महीने सदर तहसील के एसडीएम राममोहन मीना के नेतृत्व में राजस्व टीम ने अतिक्रमण हटवाने पहुंची थी। इस दौरान वहां स्थित महापौर विनोद अग्रवाल व एक अन्य भाजपा नेता के जमीन की बाउंड्री भी तोड़ दी गई। जिस पर राजनीतिक व प्रशासनिक गलियारों में हलचल मच गई थी। महापौर ने जिलाधिकारी, मंडलायुक्त से मामले में शिकायत की। अब इस मामले में मंडलायुक्त के आदेश पर अमरोहा जिले की अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की टीम पैमाइश व कागजों के सत्यापन कर रही है।

धीमरी में सीएम कंपोजिट विद्यालय के लिए चिह्नित जमीन पर कब्जा हटाने के दौरान महापौर की भूमि की बाउंड्री तोड़ने का प्रकरण अभी भी गरम है। महापौर ने मामले में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से भी शिकायत कर अपने 40 साल के भाजपा में रहकर जनसेवा के कार्यों की दुहाई दी थी। जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया था। उन्होंने स्थानीय जिला प्रशासन व एसडीएम पर अविश्वास जताकर दूसरे जिले के अधिकारी व लेखपालों से पैमाइश कराने की मांग की थी। वहीं इस बीच जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अपनी मौजूदगी में कई दिन पैमाइश कराने व राजस्व अभिलेखों की जांच करने के बाद पिछले दिनों मंडलायुक्त को रिपोर्ट सौंप दी थी। लेकिन महापौर की मांग पर मंडलायुक्त ने मामले में अमरोहा जिले की अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह को मामले में पैमाइश व अभिलेखों का सत्यापन कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। जिसके क्रम में अमरोहा की अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व इन दिनों अभिलेख सत्यापन में लगी हैं। बुधवार को उन्होंने सभी पक्षों को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया था। साथ ही मौके पर जाकर वस्तुस्थिति भी देखी। अब सबकी नजरें उनकी रिपोर्ट पर टिकी हैं।

## दुर्गा सप्तशती महायज्ञ से होता है नकारात्मक शक्तियों का नाश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 108 कुंडीय दुर्गा सप्तशती महायज्ञ में शामिल हुए लोग, गूंजा जयकारा

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ॐ श्री परिवार महानगर में बुधवार को संकट मोचन पार्क, विजय नगर में भव्य 108 कुंडीय दुर्गा सप्तशती महायज्ञ आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

आचार्य पुष्पराज शास्त्री के सानिध्य में विधि-विधान के साथ महायज्ञ कराया गया। 108 जोड़ों ने मां आदि शक्ति दुर्गाजी की सप्तशती पाठ के साथ यज्ञ में आहुति दी। वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना। आचार्य पंडित पुष्पराज शास्त्री ने बताया कि वैदिक परंपरा में 108 संख्या का विशेष महत्व माना गया है। 108 कुंडीय यज्ञ को पुण्यदायी बताया गया है। जो दोषों, बाधाओं और नकारात्मक शक्तियों का नाश करता है। यह यज्ञ वातावरण को शुद्ध कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है तथा समाज में सुख-शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक जागरण का मार्ग प्रशस्त करता है। महायज्ञ में दी गईं। अंत में यज्ञ सभी को महाप्रसाद वितरित किया गया। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार, भारतीय संस्कृति का संरक्षण तथा जन-जन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। इस पाठ के नियमित श्रवण और पाठ से ग्रह बाधाओं का निवारण होकर नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। इस दौरान गौरव सैनी, सुरेश गुप्ता, अमित अग्रवाल, ललित सैनी, अमन सैनी, इशांक भारद्वाज, अभिषेक श्रीवास्तव, जतिन प्रजापति, सुशांत गुप्ता, शिवम, अजय, अभिषेक सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता व भक्त मौजूद रहे।

## ऑनलाइन सट्टा बंद कराने की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हिंदू समाज पार्टी युवा मोर्चा द्वारा ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ आवाज बुलंद की है। युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रांशु जोशी ने पत्रकारों को बताया कि सरकार को खून से पत्र लिखकर प्रदेश में चल रहे ऑनलाइन सट्टा और



उससे जुड़े नेटवर्क पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। आईपीएल सहित विभिन्न माध्यमों के जरिए सट्टेबाजी का जाल तेजी से फैल रहा है, जिससे युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो हिंदू समाज पार्टी युवा मोर्चा आंदोलन करेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अजय ठाकुर, विमल शर्मा, महेंद्र चौहान, शरद सिन्हा, महेश चंद आर्य आदि मौजूद रहे।

## पहली बार कंटेनर रैक के माध्यम से कोलकाता चीनी भेजी गई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 2160 टन चीनी कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ने शुगर एक्सप्रेस से रवाना किया

**अमृत विचार:** मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में मुरादाबाद मंडल द्वारा गुड्स को रेल मार्ग द्वारा बढ़ावा देने हेतु एवं खासकर चीनी लदान को बढ़ावा देने हेतु निरंतर प्रयास को बुधवार को सफलता मिल गई।

12 मार्च को इस संबंध में मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव एवं ऋचा शर्मा/ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट) के द्वारा चीनी उद्योग से जुड़े मिल व्यापारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की गई थी। इसमें वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान मंडल में चीनी लदान की संभावनाओं पर विस्तृत कर व्यापारियों को लदान के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान के सुझाव प्राप्त किए गए थे। जिसके क्रम में बुधवार को अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड, स्योहारा, त्रिवेणी इंजीनियरिंग लिमिटेड तथा प्रकाश भलोटिया एंड ब्रदर्स द्वारा प्रथम बार कंटेनर रैक के माध्यम से मुरादाबाद से कोलकाता (शालीमार) के लिए चीनी भेजी गई।इस रैक के माध्यम से कुल 2160 टन चीनी कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ने अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड (बिरला शुगर), त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, और मेसर्स प्रकाश भलोटिया एंड ब्रदर्स के द्वारा अपनी अब तक की पहली "शुगर एक्सप्रेस" ट्रेन को आज रवाना किया गया। इस ट्रेन में 80 × 20' के घरेलू कंटेनर हैं, जिनमें मुरादाबाद से शालीमार (कोलकाता) तक चीनी ले जाई जा रही है। ट्रेन को मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# शाहजहांपुर में काकोरी के शहीदों की प्रतिमा तोड़ने के विरोध में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष आयोजन कमेटी के पदाधिकारियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। 23 मार्च को शाहजहांपुर में स्थित टाउनहॉल नगर निगम कार्यालय के सामने 1972 से स्थापित काकोरी के अमर शहीदों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान और रोशन सिंह की प्रतिमाओं को सौंदर्यीकरण व सड़क चौड़ीकरण के नाम पर बुलडोजर से तोड़ने की कड़ी निंदा कर प्रशासन के प्रतिनिधि को ज्ञापन देकर विरोध जताया।

सदस्यों ने कहा कि काकोरी-ऐक्शन शताब्दी वर्ष आयोजन कमेटी इस घटना का कड़ा विरोध जताती है। 23 मार्च शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का शहादत दिवस है। इस



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष आयोजन कमेटी के कार्यकर्ता।

- कलेक्ट्रेट में जिला प्रशासन के प्रतिनिधि को दिया ज्ञापन, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

दिन काकोरी ऐक्शन के महानायकों की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने और अपमानजनक ढंग से फेंकने का कार्य निंदनीय है। यह कुत्सित मानसिकता का परिचायक है। इन क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के आंदोलन को मजबूत करने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। लेकिन आज इन क्रांतिकारी शहीदों का अपमान किसी भी रुप में स्वीकार्य नहीं है।विरोध जताने वालों में विजयपाल, सत्यपाल सिंह, रंजन नंदा, शराफत हुसैन, साहिल शम्सी, संतोष, फ़िरोज खान सहित अन्य मौजूद रहे।

## महिला संकीर्तन मंडल ने किया माता का गुणगान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लाजपत नगर स्थित भक्ति परिवार महिला संकीर्तन मंडल की ओर से चैत्र नवरात्र के अवसर पर बुधवार को भी भक्ति से ओत-प्रोत संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसमें सभी महिलाओं ने देवी-देवताओं का तिलक कर मंगल कामना की। जब महिलाओं ने एक स्वर में भजन गाए तो पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो उठा। हे कालरात्रि हे कल्याणी ते जोड़ धरा पर कोई नहीं, मेरे घर आई माता रानी, खुशियों की बरसात हुई, मेरा छोटा परिवार मां आ जाओ एक बार, मैं बालक तू माता शेरावाली, अंबे तू है जगदंबे काली जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

# रुक्मणी और सेंट पॉल का दबदबा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** डीएसए और अवस्थी मेमोरियल कमेटी की ओर से एमपीएस के मैदान में चल रहे अवस्थी मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन बुधवार को ग्रुप ए के दो मुकाबले खेले गए। इसमें अपने-अपने मैच में रुक्मणी क्रिकेट अकादमी और सेंट पॉल क्रिकेट अकादमी ने शानदार जीत दर्ज की।

पहले मुकाबले में रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 171 रन बनाए। जवाब में एमपीएस क्रिकेट अकादमी 20 ओवर में आठ विकेट पर 145 रन ही बना सकी। रुक्मणी ने यह मुकाबला 26 रन से जीत लिया। मोहम्मद उस्मान



एमपीएस के क्रिकेट मैदान पर चल रहे अवस्थी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलते खिलाड़ी।

- अवस्थी मेमोरियल टी-20 में उस्मान और यथार्थ की शानदार ऑलराउंडर परफॉर्मेंस

को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में सेंट पॉल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.3 ओवर में 168 रन बनाए। जवाब में द आर्यांश क्रिकेट अकादमी की टीम 11.5 ओवर में 74 रन पर सिमट गई। मैच में अंपायर रईस अहमद व शमशाद अल्वी रहे, जबकि कमेंट्री नजाकत अली ने की। स्कोरिंग चंद्र प्रताप ने संभाली। इस दौरान डीएसए सचिव विजय गुप्ता, कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी, मोहम्मद हसीन, मिर्जा दानिश आलम, सलीम खान आदि मौजूद रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा मंडलीय अटल आवासीय विद्यालय ग्राम पीपली तहसील बिलारी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 और 9 में नामांकन के लिए आठ मार्च को आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है। प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय ने बताया कि चयनित छात्र-छात्राओं की सूची सम्बन्धित श्रम कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गयी है। प्रवेश सम्बन्धी प्रक्रिया के सम्बन्ध में मोबाईल नम्बर 6205945812 व 9953856085 पर सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# जिले में 114 क्रय केंद्रों पर शुरू होगी गेहूं खरीद

संवाददाता, रामपुरः

- बदायूं में 1 लाख 35 हजार हेक्टेयर है गेहूं का रकबा

**अमृत विचारः** जिले 114 केंद्रों पर चार दिन बाद गेहूं खरीद शुरू हो जाएगी। खरीद के लिए क्रय केंद्रों पर बारदाना, पॉवर डस्टर और इलेक्ट्रॉनिक कांटे भिजवा दिए गए हैं। फिलहाल जिले में 2300 किसान पंजीकरण करा चुके हैं।

15 जून तक गेहूं खरीद होगी इसके अलावा 78 हजार मीट्रिक टन जिले को लक्ष्य मिला है। जिले में 1 लाख 25 हजार हेक्टेयर गेहूं का रकबा है। क्रय केंद्रों पर एक-एक कर्मचारी की तैनाती रहेगी। जिले में गेहूं खरीद 30 मार्च से शुरू हो जाएगी इसके लिए तैयारियां मुकम्मल हो चुकी हैं जरूरत पड़ने पर क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। जिले में गेहूं खरीद के लिए पीसीएफ को सबसे अधिक 32 क्रय केंद्र दिए गए हैं। गेहूं क्रय केंद्र रविवार के अलावा राजपत्रित अवकाश के दिन बंद रहेंगी। उन्हीं किसानों से गेहूं की खरीद की जाएगी जिन्होंने अपना पंजीकरण करा लिया है। इस वर्ष सरकार ने 160 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का मूल्य बढ़ा दिया है। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रिंस चौधरी ने बताया कि गेहूं खरीद के लिए तमाम तैयारियां कर ली गई हैं क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए शीतल जल और छाया की व्यवस्था रहेगी।

## वित्तीय वर्ष के आखिरी दिनों में हासिल करें योजनाओं का लक्ष्य

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि योजना के अन्तर्गत जिले को 2800 के लक्ष्य के सापेक्ष आज तक 2328 आवेदन पत्रों पर बैंकों द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें 2121 आवेदन पत्रों के सापेक्ष वितरण भी की गई है।

जिलाधिकारी ने संबंधित बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति में कुछ ही दिन शेष हैं, योजना के अन्तर्गत लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर स्वीकृति व ऋण वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

# समर्थ पोर्टल से आज से 6 अप्रैल तक भरे जाएंगे फॉर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- परीक्षा शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड एवं नेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकेगा

**अमृत विचार :** गुरु जम्भेश्वर राज्य विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2025-26 की मुख्य परीक्षाओं के लिए प्रथम वर्ष के छात्रों के कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भरे जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार बीकॉम (कंप्यूटर), बीकॉम (ऑनर्स), बीएससी (बायोटेक्नोलॉजी), बीएससी (कंप्यूटर साइंस), बीएससी (ऑनर्स), बीएससी (माइक्रोबायोलॉजी), एमएससी (इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री), बीएड, बीएलएड, बीपीएड एवं एमएड पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा फॉर्म 26 मार्च से समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध रहेंगे। छात्र-छात्राएं छह अप्रैल तक ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे, जबकि भरे हुए फॉर्म महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि सात अप्रैल निर्धारित है।महाविद्यालयों द्वारा आवेदन पत्रों का सत्यापन 8 अप्रैल तक किया जाएगा।

विश्वविद्यालय ने कहा है कि कि छात्र-छात्राएं अपनी नामांकन संख्या संबंधित महाविद्यालय से प्राप्त कर सावधानीपूर्वक कोर्स चयन करते हुए निर्धारित समय सीमा में फॉर्म भरें। परीक्षा शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड एवं नेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकेगा। अनुदानित महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के अंतर्गत 500 रुपये विकास शुल्क ऑनलाइन जमा नहीं हो सकेगा। ऐसे में संबंधित महाविद्यालय यह शुल्क छात्रों से एकत्र कर बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से विश्वविद्यालय में जमा करेंगे।

निर्यात | गल्फ देशों के कुछ ऑर्डर होल्ड, अन्य देशों से निर्यात पर फिलहाल असर नहीं

# ईरानी संकट के बीच स्प्रिंग फेयर के ऑर्डर पर चिंता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पिछले माह आयोजित स्प्रिंग फेयर में पीतलनगरी के निर्यातकों और विदेशी बायर्स के बीच हुए ऑर्डर को लेकर चल रही चर्चाओं पर अब पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव और ईरानी संकट का असर दिख रहा है। निर्यातकों का कहना है कि फेयर के दौरान जिन ऑर्डरों को लेकर सकारात्मक बातचीत हुई थी, उनमें से कुछ गल्फ देशों के ऑर्डर फिलहाल होल्ड पर चले गए हैं। इससे निर्यातकों की चिंता बरकरार है।

मेटल हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नावेद उर रहमान ने बताया कि स्प्रिंग फेयर के दौरान कई देशों के बायर्स के



नवेद उर रहमान।



अमित अग्रवाल।

साथ ऑर्डर को लेकर अच्छी बातचीत हुई थी। हालांकि हालिया ईरानी संकट के चलते गल्फ क्षेत्र के कुछ बायर्स ने ऑर्डर को फिलहाल रोक दिया है या निर्णय टाल दिया है। वहीं यूरोप, अमेरिका और अन्य देशों से आने वाले ऑर्डर पर अभी तक कोई खास असर नहीं पड़ा है और वहां की मांग सामान्य बनी हुई है। फेयर का आयोजन फरवरी में होना निर्यातकों के लिए राहत की बात रहा। यदि यह आयोजन मार्च या अप्रैल में होता तो मौजूदा हालात के चलते निर्यातकों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता था और कई संभावित ऑर्डर प्रभावित हो जाते।

लघु उद्योग भारती के प्रदेश महामंत्री अमित अग्रवाल ने बताया कि स्प्रिंग फेयर के दौरान जिन बायर्स से ऑर्डर को लेकर बातचीत हुई थी, उनमें से कई ऑर्डर अभी प्रोसेस में थे। लेकिन पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण अब इन ऑर्डरों को अंतिम रूप लेने में समय लग रहा है। उनका कहना है कि निर्यातक उम्मीद कर रहे हैं कि हालात सामान्य होने के बाद ये ऑर्डर दोबारा गति पकड़ेंगे। मुरादाबाद के पीतल और मेटल हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत मांग है। ऐसे में यदि वैश्विक हालात स्थिर रहते हैं तो आने वाले महीनों में निर्यात गतिविधियों में फिर से तेजी देखने को मिल सकती है।

### मुरादाबाद से 11 हजार करोड़ का निर्यात

मुरादाबाद से हर साल करीब 11 हजार करोड़ रुपये के पीतल और अन्य मेटल उत्पादों का निर्यात विभिन्न देशों में किया जाता है। इसमें करीब 25 से 30 प्रतिशत निर्यात गल्फ देशों में होता है। ऐसे में पश्चिम एशिया में पैदा होने वाली किसी भी तरह की अस्थिरता का असर पीतलनगरी के निर्यात कारोबार पर हर बार पड़ने की आशंका रहती है।

# दैनिक कार्यों में अधिकाधिक हिन्दी के प्रयोग को दें बढ़ावा



हिंदी छमाही पत्रिका अभिव्यक्ति का विमोचन करतीं डीआरएम विनीता श्रीवास्तव व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बुधवार को मनन सभागार में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक हुई।

इसमें मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि हम जिस भाषा में सपने देखते हैं और सोचते हैं, वही हमारी वास्तविक भाषा होती है। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी से अपने दैनिक कार्यों में अधिकाधिक हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक अंत में मंडल रेल प्रबंधक ने हिंदी छमाही पत्रिका अभिव्यक्ति का विमोचन भी किया। इस दौरान अजित सिंह/वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, ज्ञान प्रकाश सिंह चौहान/ राजभाषा अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अष्टम महागौरी



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र...

**माँ महागौरी: श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः**

## शहर में आज

- प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री अनिल कुमार गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण करेंगे 11:30 बजे
- उत्तर प्रदेश सरकार के "नवनिर्माण के 9 वर्ष" पूर्ण होने के अवसर पर सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे दोपहर 12:30 बजे
- जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक सर्किट हाउस सभागार में दोपहर 1:30 बजे
- श्रीराम नवमी कमेटी की ओर से भगवान श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा हाथी वाला मंदिर कानून गोयान से निकाली जाएगी दोपहर बाद 3:00 बजे

## जन समस्याओं को लेकर लोजपा ने सौंपा ज्ञापन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिलाध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। इस दौरान अरविंद राठौर, कम्मो शर्मा, अकरम खान, नदीम, बत्रा, प्रदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

## प्राचीन सिद्धपीठ श्री नौ देवी काली माता में हुई विशेष महाआरती

**मुरादाबाद अमृत विचार:** चैत्र नवरात्रि शुक्ल पक्ष सप्तमी के शुभ अवसर पर बुधवार को प्राचीन सिद्धपीठ श्री नौ देवी काली माता जी मंदिर लालबाग में संध्या आरती मंडल की ओर से पुणे ( महाराष्ट्र ) के ढोल ताशों से विशेष महाआरती की गई। महाकाली को 1 क्विंटल 71 किलो मेवा का भोग मंदिर के महंत रामगिरी महाराज ने लगाया तथा उस भोग का प्रसाद वितरण भक्तों में किया गया। मंदिर के महंत राम गिरि महाराज ने बताया कि सप्तमी तिथि श्री महाकाली जी की पूजा का दिन होता है। इसी के साथ उन्होंने 27 मार्च को रामनवमी का अवकाश घोषित करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उनकी सरकार के प्रति आभार जताया है।

### नगर निगम की टीमों ने 84,13,435 रुपये की बकाया टैक्स की धनराशि भी वसूली

# नगर निगम ने की टैक्स के बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई, 18 प्रतिष्ठान सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **कर जमा न करने वालों पर की जा रही सख्त कार्रवाई**

**अमृत विचार :** वर्तमान वित्तीय वर्ष के आखिरी मार्च के महीने में नगर निगम की ओर से गृहकर व जलकर का बकाया न जमा करने वालों पर सख्ती की जा रही है। टीमों ने बुधवार को 18 बड़े बकाएदारों के प्रतिष्ठान सील कर दिए। 84,13,435 रुपये के बकाए टैक्स की धनराशि भी वसूल की।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीमों ने बकाया वसूली के लिए अभियान में सख्ती की। पीरगैब निवासी हाजी मोहम्मद रफीक पर टैक्स का 73,482 रुपये बकाया था जिसके चलते उनका प्रतिष्ठान सील कर दिया। इसके साथ ही काजी टोला के शराफत हुसैन पर 1,92, 084 रुपये और तहसील स्कूल की छोटी पत्नी हामिद उल्ला पर 1,29,312 रुपये व यहीं की कुबरा बेगम पर 1,02,813 रुपये और तहसील स्कूल के ही जाने आलम पर टैक्स की 1,21,604 रुपये के बकाए में प्रतिष्ठान सील किए गए। इसके अलावा किसरौल के मोहम्मद उस्मान पर 1,34,553.86 रुपये, अब्दुल मजीद व अजीज पर 2,00,014.68 रुपये मोहम्मद अहमद पर टैक्स का 1,09,169.57 रुपये बकाएदारी के चलते प्रतिष्ठान सील किए गए। शमशादी बेगम, सराय हुसैनी बेगम पर 1,58,278.52 रुपये, हरथला के खलील अहमद पर 1,19,631.15 रुपये, मोहनलाल सिंह पर 1,46,775.29 रुपये, नफीस अहमद पर 1,07,400.62 रुपये, शहाना बेगम पर 1,32,908 रुपये, सल्लू सिंह पर टैक्स का 2,35,847.02 रुपये का बकाया था जिसके चलते उनके प्रतिष्ठान पर ताला जड़कर सील कर दिया गया। इसके अलावा रहमत नगर के गामा पर 2,33,782 रुपये और सर सैय्यद नगर के आबिद हुसैन पर 4,93,919.84 रुपये, सर सैय्यद नगर की ही सलमा नासिर पर 1,91,148.13 रुपये का बकाया था जिसमें से 50 हजार रुपये जमा किया गया, वहीं इसी क्षेत्र के निवासी कौसर अली पर भी 1,85,521.77 रुपये बकाया था, जिसमें मौके पर 50,000 रुपये जमा करने के बाद भी पूरा बकाया न जमा करने के चलते प्रतिष्ठान सील कर दिए गए। इसके अलावा रहमत नगर के लियाकत हुसैन पर भी 1,35,247.59 रुपये की बकाएदारी के चलते प्रतिष्ठान सील हुआ। इसके अलावा मोहल्ला ठठेरा, पीरजादा, करूला, पंडित नगला, दिल्ली रोड, कांठ रोड एवं रामपुर रोड आदि क्षेत्र में भी भवनों को सील किया गया। टीमों ने कुल 84,13,435 रुपये का टैक्स का बकाया भी वसूल किया। इस दौरान कर अधीक्षक प्रदीप कुमार चौधरी, मंगल सिंह पापड़ा के अलावा सभी राजस्व निरीक्षक, कर संग्रहकर्ता और प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने टीमों को निर्देश दिया है कि 31 मार्च तक हर हाल में गृहकर व जलकर की शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें। ऐसा न करने वाले निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।



टैक्स के बकायेदारों के प्रतिष्ठान सील करते नगर निगम के कर्मचारी। • अमृत विचार

# करोड़ों की जीएसटी चोरी मास्टरमाइंड दबोचा

### मुख्य आरोपी मथुरा का है निवासी, नौकर के नाम पर बनवा रखी थीं 33 फर्जी फर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** फर्जी फर्मों और जाली बिलिंग के माध्यम से करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पुलिस ने बुधवार को पर्दाफाश किया। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरोह के मुख्य आरोपी मास्टर माइंड भगवान सिंह उर्फ मुर्रा प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है, जो मथुरा जनपद के कोसीकला क्षेत्र का निवासी बताया गया है। उसने अपने नौकर के नाम से 33 फर्जी फर्म पंजीकृत कराई थी। उसका नेटवर्क हरियाणा, पंजाब और बिहार तक फैला है। वह जीएसटी चोरी के मामले में आजमगढ़ में भी लिखे गए मुकदमें में वांछित चल रहा था।

बुधवार को एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने जीएसटी चोरी के पकड़े गए मास्टरमाइंड भगवान सिंह निवासी कोसीकला जनपद मथुरा और उसके नौकर रविंद्र के बारे में जानकारी दी। बताया कि दोनों आरोपी लंबे समय से विभिन्न राज्यों में फर्जी फर्में बनाकर जाली बिल्टियों और ई-वे बिल के जरिए बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी कर रहे थे। जिन्हें पुलिस ने 20 दिन की मशक्कत के बाद पकड़ा है। यह कार्रवाई राज्य कर विभाग की शिकायत के आधार पर की गई है। एसपी क्राइम ने बताया कि सहायक आयुक्त, राज्य कर चतुर्थ इकाई की तहरीर पर थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी, जिसे बाद में साइबर क्राइम टीम को सौंपा गया। जीएसटी टैक्स का चोरी के मास्टरमाइंड ने अपने नौकर रविंद्र के नाम पर इन फर्मों के माध्यम से बिना वास्तविक माल ढुलाई के कागजी लेनदेन दिखाकर जीएसटी चोरी की है। एसपी क्राइम ने बताया कि यह कार्रवाई संगठित रूप से की जा रही टैक्स चोरी के बड़े नेटवर्क के खिलाफ महत्वपूर्ण है। जांच आगे बढ़ने पर और भी लोगों के नाम सामने आने की संभावना है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से तीन मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया है। इन उपकरणों में फर्जी बिलिंग, जीएसटी दस्तावेज और बैंकिंग लेनदेन से जुड़े महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य मिलने की संभावना है, जिनकी फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी और उसके नेटवर्क के खिलाफ विभिन्न जनपदों में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें धोखाधड़ी, जालसाजी और आर्थिक अपराध शामिल हैं। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।



जीएसटी चोरी के आरोपी के बारे में जानकारी देते एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार।

#### प्रसिद्ध कंपनियों के नामों का भी करता था प्रयोग

पुलिस को जांच के दौरान मांझी इंटरप्राइजेज और श्री बाबा ट्रेडर्स जैसी फर्मों के नाम भी मिले हैं, जिनका उपयोग फर्जी बिलिंग और दस्तावेज तैयार करने में किया जा रहा था। कई मामलों में एक ही वाहन और बिल्टी नंबर का अलग-अलग लेनदेन में इस्तेमाल किए जाने के साक्ष्य भी मिले हैं।

#### 2024 से कर रहा था फर्जी बिलिंग नेटवर्क का प्रयोग

आरोपी वर्ष 2024 से स्क्रैप और अन्य व्यापारिक गतिविधियों के नाम पर फर्जी बिलिंग का नेटवर्क चला रहा था। उसने उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड समेत कई राज्यों में व्यापारियों के नाम और दस्तावेजों का दुरुपयोग कर करीब 33 फर्जी फर्में खड़ी कर ली थीं।

## ट्रेंड-बेस्ड डिजाइनिंग और उत्पाद विकास पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **ईपीसीएच मुरादाबाद ने भारत-यूके एफटीए पर सेमिनार आयोजित किया**

**अमृत विचार :** ईपीसीएच मुरादाबाद ने भारत-यूके एफटीए (भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता) पर बुधवार को सेमिनार आयोजित किया। इसका आरंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

सेमिनार में रोहित ढल, सीओए सदस्य ईपीसीएच, यस के चेयरमैन जेपी सिंह, पद्मश्री दिलशाद हुसैन, अनिरुद्ध यादव के साथ ही मुरादाबाद के अन्य निर्यातक आदि शामिल हुए। भारत-यूके एफटीए पर व्यापक और व्यावहारिक प्रस्तुति डॉ. विपिन जैन, निदेशक तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी द्वारा दी गई। इसमें भारतीय हस्तशिल्प के लिए बढ़ी हुई बाजार पहुंच, व्यापार बाधाओं में कमी, और उभरते निर्यात अवसर आदि पहलुओं को शामिल किया गया। इसके अलावा ईपीसीएच के विभिन्न पहलों पर प्रस्तुतियां दी गईं। डिज़ाइन स्टूडियो पहल को हर्षदीप डिज़ाइनर ईपीसीएच ने प्रस्तुत किया। उन्होंने वैश्विक बाजार की मांगों को पूरा करने में नवाचार, ट्रेंड-बेस्ड डिज़ाइनिंग और उत्पाद विकास के महत्व पर जोर दिया। कैश एंड कैरी स्टोर पहल को अरुण सैनी, स्टोर मैनेजर कैश एंड कैरी और आलोक पांडे ने प्रस्तुत किया। जिसमें निर्यातकों और शिल्पकारों के लिए सीधे बिक्री के अवसरों और बाजार पहुंच में सुधार पर प्रकाश डाला गया। इसके अलावा, थ्री डी प्रिंटिंग सर्विसेज पहल को भी प्रजेंटेशन किया गया। जिसमें रैपिड प्रोटोटाइपिंग, उन्नत डिज़ाइन विकास और आधुनिक तकनीक के साथ पारंपरिक हस्तशिल्प के एकीकरण के महत्व को दर्शाया गया। प्रतिभागियों ने कैश एंड कैरी स्टोर और डिज़ाइन स्टूडियो का भी भ्रमण किया।

## न्यूज डायरी

### भारतीय संस्कृति की जड़ें परिवार में निहित, इसे सुदृढ़ रखना जरूरी



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नव संवत्सर विक्रम संवत 2083 के उपलक्ष्य में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से बुधवार को परिवार मिलन एवं मातृ शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन दिल्ली रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर रणविजय सिंह और विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक ब्रजमोहन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि एसपी सिटी रणविजय सिंह ने कहा कि हम धीरे-धीरे अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। उपभोक्तावाद से प्रेरित पश्चिमी संस्कृति हमारे घरों में प्रवेश कर रही है, जो हमारी परंपराओं एवं मूल्यों को प्रभावित कर रही है। विभाग प्रचारक ब्रजमोहन, स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सहसंयोजक डॉ. राजीव कुमार, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने विचार व्यक्त किए। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को "मातृ शक्ति सम्मान" से सम्मानित किया गया। इस दौरान विभाग संयोजक प्रशांत शर्मा, जिला संयोजक नीरज सोलंकी एडवोकेट, हिमांशु मेहरा, जिला महिला प्रमुख पूनम चौहान, जिला सह महिला प्रमुख मीनू विज, महानगर सह महिला प्रमुख रेनू गुप्ता, अंशु, मयूर भाटिया, ओमवीर सिंह, रंजीत सिंह, रमेश आर्य, हिमांशु मेहरा, जोगेंद्र पाल सिंह नीलम जैन, प्रिंस बेदी, जसविंदर सिंह बेदी, कुलजीत सिंह बेदी, मनजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### रोटरी क्लब एक्सिस ने धुरंधर-2 का कराया सामूहिक मूवी शो

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस की ओर से बुधवार को वेव मॉल में सामूहिक मूवी शो का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने परिवार साथ मनोरंजक और यादगार शाम का आनंद लिया। फिल्म धुरंधर-2 के प्रदर्शन से पहले रोटेरियनों ने मॉल में भ्रमण, शॉपिंग और आपसी फेलोशिप का आनंद उठाया। सदस्यों ने फिल्म की समीक्षा व अन्य विषयों पर आपसी संवाद किया। इस दौरान क्लब के आगामी अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह दुआ, अखिल अग्रवाल, गार्गी गर्ग, कोषाध्यक्ष मुकुल अग्रवाल, विवेक गोयल, अध्यक्ष रश्मि गोयल, क्लब सचिव प्रियांक अग्रवाल, आगामी सत्र के सचिव अभिनव अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, रचित अग्रवाल, राजीव गोयल आदि मौजूद रहे।



### पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं राष्ट्रप्रथम की भावना के साथ निभाएंगे जिम्मेदारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार ::** भारतीय जनता पार्टी महानगर का जिला मंत्री नियुक्त होने पर अभिषेक चौबे एवं स्वदेशी जागरण मंच के महानगर संयोजक गुरप्रीत सिंह दुआ के सम्मान में बुधवार को दिल्ली रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। नवनियुक्त जिला मंत्री अभिषेक चौबे ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया। स्वदेशी जागरण मंच के नवनियुक्त महानगर संयोजक गुरप्रीत सिंह दुआ ने कहा कि स्वदेशी विचारधारा देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता की मजबूत आधारशिला है। इस दौरान महानगर महामंत्री अभिषेक राठौर, महानगर मंत्री अभिषेक ठाकुर, अजय तोमर, गौरव द्रविड़, सिद्धांत भारती, उदित शर्मा, हिमांशु श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष विजेंद्र ठाकुर, मंडल अध्यक्ष सुवंश अग्रवाल, कार्तिक शर्मा, अभिषेक मिश्रा, अंकित वर्मा, शिवा प्रजापति, सुमित कुमार, कपिल ठाकुर, विनोद रावत, तुषार रस्तोगी, रोहित सैनी, हिमांशु कालरा, नवनीत गुप्ता, अर्चित गुप्ता, राहुल रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

### महाकालेश्वर धाम में हुआ हवन-रुद्राभिषेक, महिलाओं को किया सम्मानित



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नवरात्र के अवसर पर अग्रवाल सभा की ओर से महाकालेश्वर धाम में बुधवार को हवन, रुद्राभिषेक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही महिला दिवस के उपलक्ष्य में अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच अग्रणी महिलाओं आर्किटेक्ट सृष्टि अग्रवाल, सीए गुंजन अग्रवाल, नैंसी अग्रवाल, व्यापार कर ट्रिब्यूनल सदस्य अनुपमा गोयल और डॉ. दिव्या गोयल को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि विधायक रितेश गुप्ता, उनकी पत्नी अल्पना रितेश गुप्ता व एसपी सिटी रणविजय सिंह रहे। इस दौरान सभा द्वारा आयोजित पुष्प, फल व बोनसाई प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में 23 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें अंम्बरीष जैन (बोनसाई), डॉ. पूनम बंसल (फल) और मानवी कोठीवाल (फूल) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम संयोजक संजय अग्रवाल, अंबरीश अग्रवाल, अमित मोदी व मनीष अग्रवाल रहे। प्रदर्शनी के संयोजक सुरेश अग्रवाल, शिखा गुप्ता, शैलेंद्र अग्रवाल व अतुल चंद्र रहे। इस अवसर पर झंडा सेल्फी प्रतियोगिता के 12 विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्षता महेश चंद अग्रवाल ने की, संचालन सीए अजीत कुमार अग्रवाल ने किया।

## टीएमयू में होगी दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी कल से

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के भारतीय दार्शनिक परिषद की ओर से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के जैन अध्ययन केंद्र और भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में होगी दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी 27 मार्च से ऑडिटोरियम में होगी। जिसमें जैन कर्म सिद्धांत की समकालीन प्रासंगिकता पर मंथन किया जाएगा। संगोष्ठी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली के कुलपति प्रो. मुरली मनोहर पाठक बतौर मुख्य वक्ता होंगे। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन आदि मौजूद रहेंगे।

जैन अध्ययन केन्द्र के डायरेक्टर प्रो. विपिन जैन ने बताया कि संगोष्ठी भारतीय दार्शनिक परंपराओं के गहन अध्ययन और समकालीन संदर्भों में उनकी उपयोगिता को समझने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगी। संगोष्ठी में विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षाविद प्रतिभाग करेंगे।

## गणेश शंकर विद्यार्थी को साहित्यकारों ने दी काव्यांजलि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वंदे भारत (संस्कार संस्कृति संवाहक) की ओर से मधुबनी पार्क स्थित प्रतिमा स्थल पर पत्रकार रहे गणेश शंकर विद्यार्थी को पुष्पांजलि अर्पित की गई। मुख्य वक्ता धवल दीक्षित ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी ने अपनी निर्भीक पत्रकारिता के माध्यम से न केवल समाज को जागरूक किया, बल्कि ब्रिटिश सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ भी खुलकर आवाज उठाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल हरि गुप्ता ने की संचालन श्रीकृष्ण शुक्ल ने किया। इस दौरान विवेक निर्मल, नकुल त्यागी, पल्लवी भारद्वाज और प्रशांत मिश्रा ने अपनी कविताओं के माध्यम से भावपूर्ण काव्यांजलि अर्पित की। विमलेंद्र विमल और आनंद सिंह ने भी उनके जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला।




ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# ललित कौशिक गैंगस्टर का दोषी, सजा आज

## अलग-अलग प्रकरण में सजा काट रहे ललित समेत तीन अन्य आरोपी भी इसमें शामिल

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पिछले तीन साल से जेल में बंद पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। एक ओर मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है, दूसरी और पहले से दर्ज मुकदमों में सजा भी सुनाई जा रही है। 2022 को हुए कुशांक गुप्ता हत्याकांड सहित अन्य प्रकरण में ललित कौशिक सहित तीन लोगों को गैंगस्टर का दोषी करार दिया है।

गैंगस्टर मामले रामगंगा विहार स्थित चर्चित स्पोर्ट्स कारोबारी कुशांक गुप्ता हत्याकांड में अदालत ने अहम फैसला सुनाते हुए कुख्यात गैंगस्टर ललित कौशिक समेत तीन आरोपियों को हत्या और गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी करार दिया है। गुरुवार को सजा सुनाई जाएगी।

- कुशांक हत्याकांड और अवैध मैगजीन, असलहा प्रकरण में चल रही थी गैंगस्टर की सुनवाई

ललित कौशिक पर कुशांक गुप्ता हत्याकांड के अलावा श्वेताभ तिवारी हत्याकांड सहित कई अन्य वारदातों में शामिल होने और साजिशकर्ता के तौर पर मुकदमे दर्ज हैं। गैंगस्टर एक्ट की सुनवाई एडीजे-5 की अदालत में चल रही थी। तीन सितंबर 2025 को इस प्रकरण में सुनवाई पूरी हुई थी। बुधवार को मुरादाबाद एडीजे-5 के न्यायाधीश रश्मि चौधरी ने ललित कौशिक, खुशवंत उर्फ भीम और केशव शरण शर्मा को गैंगस्टर के मामले की सुनवाई के दौरान दोषी करार दे दिया गया है। एडीजे पांच की अदालत में गैंगस्टर की बहस के दौरान ललित कौशिक को बलरामपुर जेल से लाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। खुशवंत उर्फ भीमा निवासी थाना भोजपुर को मुरादाबाद जेल से पुलिस न्यायालय लेकर आई थी। जमानत पर छूटे केशव शरण शर्मा भी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। दोषी करार दिए जाने के बाद सजा सुनाए जाने के कारण सुरक्षा के मद्देनजर बलरामपुर जेल से पेशी पर मुरादाबाद लाए गए ललित कौशिक को मुरादाबाद जिला कारागार में ही बंदी रखा गया है। गुरुवार को सुनाए जाने वाली सजा के आदेश के चलते पुलिस की ओर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

### पहले भी सुनाई जा चुकी है सजा

मूंढापांडे क्षेत्र के रहने वाले ओमप्रकाश ने 25 मार्च 2022 को थाना मूंढापांडे में ललित कौशिक के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस प्रकरण में सुनाई के बाद अदालत ने आरोपी ललित को दोषी माना था। भट्ठा मजदूर के अपहरण किए जाने के आरोप में एडीजे- पंचम की अदालत ने 23 फरवरी 2024 को सुनाया दस वर्ष का कारावास और 56 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। वहीं, मुरादाबाद के चर्चित सीए श्वेताभ तिवारी हत्याकांड में पुलिस ने ललित कौशिक को गिरफ्तार किया था। इसके बाद घर की तलाशी में अवैध मैगजीन और आठ लाख रुपये बरामद हुई थी। साथ ही रामगंगा किनारे से अवैध असलहा भी बरामद हुआ था। इस प्रकरण में 26 मार्च 2023 को इंस्पेक्टर रविंद्र प्रताप सिंह द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। अदालत इस मामले में भी दोषी मानते हुए सात वर्ष का कारावास और 50 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

### दुकान से घर जाते समय कुशांक को मारी थी गोली

थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सोनकपुर स्टेडियम के नजदीक खेल के सामान की दुकान चलाने वाले कुशांक गुप्ता का ललित कौशिक से विवाद चल रहा था। 12 जनवरी 2022 को कुशांक रात करीब नौ बजे दुकान बंद करके घर जा रहे थे। दुकान से थोड़ी दूरी पर उनके सिर से सटाकर बदमाशों ने गोली मार दी थी। अस्पताल ले जाने से पूर्व ही कुशांक ने दम तोड़ दिया था। इस प्रकरण में पिता की तहरीर पर दो युवकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उनकी गिरफ्तारी भी हुई, लेकिन बाद में उन्हें क्लीन चिट मिल गई थी। हत्या से कुछ दिन पहले ही कुशांक की दुकान में ललित कौशिक के साथ हाथापाई का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था। साथ ही ललित पर प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए वह धरने पर भी बैठे थे। श्वेताभ तिवारी हत्याकांड के बाद इस प्रकरण में ललित कौशिक की गिरफ्तारी के बाद साजिश रचकर हत्या कराने का आरोपी बनाया गया था।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, लोगों ने लगाया जाम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- हादसे के बाद फरार हुए ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार करने की मांग

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने डिलारी मार्ग पर जाम लगाकर चालक की गिरफ्तारी की मांग की।

थाना ठाकुरद्वारा के गांव बोवदवाला के पश्चिमी मंझरा निवासी महेंद्र सिंह का 25 वर्षीय पुत्र सुमित मंगलवार देर शाम मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की बाइक में टक्कर लग गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुमित की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का आरोप था कि ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर ठाकुरद्वारा–डिलारी मार्ग जाम कर दिया। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस के आश्वासन के बाद भी परिजन सड़क पर डटे रहे और चालक की गिरफ्तारी की मांग करते रहे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### कार की टक्कर से महिला घायल

कोतवाली क्षेत्र में के गांव मैसूवाला निवासी प्रवेश देवी अपने पति रविंद्र सिंह के साथ ठाकुरद्वारा बाइक से गांव लौट रही थीं। जैसे ही वे रामनगर खागूवाला के पास पहुंचे, पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उस पर बैठी प्रवेश देवी घायल हो गईं।

# पुलिस की गिरफ्त में ठग लाखों की ठगी का खुलासा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला माहीगिरान से जुड़े ठगी के एक सनसनीखेज मामले में पुलिस ने एक शातिर युवक को हिरासत में लिया है। आरोपी युवकों को झांसे में लेकर लाखों रुपये की ठगी कर चुका है और लंबे समय तक पुलिस को भी गुमराह करता रहा। ठगी के शिकार कई युवक कोतवाली पहुंचे और पुलिस को आपबीती सुनाई।

पुलिस के अनुसार माहीगिरान निवासी सैफ अली ने अपने ही क्षेत्र के युवकों से मेलजोल बढ़ाकर विश्वास जीता और फिर अलग-अलग बहाने बनाकर रुपये ऐंठ लिए। पीड़ितों के मुताबिक आरोपी ने किसी से मां की बीमारी तो किसी से अन्य पारिवारिक जरूरतों का हवाला देकर भावनात्मक रूप से प्रभावित किया और बड़ी रकम उधार के नाम पर ले ली। आरोप है कि सैफ अली ने मोहम्मद फरमान से 1.24 लाख, मोहम्मद रफी से 2.10 लाख, मोहम्मद फैजान से 40 हजार, धोबियान निवासी मोहम्मद रिहान से 15 हजार और बहेड़ावाला निवासी मोहम्मद आरिफ से 1.10 लाख की ठगी की। पैसे लेने के बाद वह अचानक संपर्क से बाहर हो गया।

काफी समय बीतने के बाद जब पीड़ितों ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने उल्टा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर दी और उन्हीं युवकों से अपनी जान को खतरा बताकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। पुलिस के बुलावे पर जब सभी पक्ष कोतवाली पहुंचे तो उपनिरीक्षक रजत कुमार और उनकी टीम ने पूरे मामले की गहनता से जांच की, जिसमें ठगी का खुलासा हुआ। इसके बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह पेशे से कार मैकेनिक है और कई बार मरम्मत के लिए आई गाड़ियों या किराए की कारों का इस्तेमाल कर लोगों पर प्रभाव जमाता था। पुलिस जांच कर रही है।

# वैक्सीन लगाने से पहले परिवार से ली जाए सहमति

**बिलारी, अमृत विचार:** सर्वाइकल कैंसर को लेकर किशोरियों में लगने वाली एचपीवी वैक्सीन को लेकर नगर के लोगों ने खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग उठाई गई की वैक्सीन लगाने से पूर्व माता-पिता व अभिभावकों की लिखित सहमति ली जाए। बुधवार को ज्ञापन देकर कहा कि बिलारी क्षेत्र में चल रहे एचपीवी सर्वाइकल कैंसर वैक्सीननेशन अभियान के तहत बालिकाओं को वैक्सीन लगाई जानी है। मांग की गई की वैक्सीन से पहले अनुमति आवश्यक होनी चाहिए। बिना अनुमति के वैक्सीनेशन को अनुचित बताया गया। इस मौके पास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वैक्सीनेशन से पहले अभिभावकों को वैक्सीन का नाम उससे होने वाले लाभ और हानि के बारे में जानकारी सरल भाषा में समझाई जाए। बिना किसी दबाव के उनकी सहमति भी ली जाए।

# एसडीएम ने मीडिया से मांगा सहयोग

संवाददाता, कांठ




प्रेस क्लब के समारोह में सम्बोधित करते एसडीएम कांठ। • अमृत विचार

- जर्नलिस्ट एसोसिएशन के होली व ईद मिलन समारोह में बोले एसडीएम

**अमृत विचार :** प्रेस भारतीय संविधान का चौथा स्तंभ है जो सरकार की नीतियों योजनाओं को जनता और जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का माध्यम है। साथ ही सत्ता को निरंकुश होने से रोकने के लिए प्रेस का सभी को सम्मान करना चाहिए। यह विचार एसडीएम कांठ संत कुमार पंवार ने कांठ जर्नलिस्ट एसोसिएशन पंजीकृत के तत्वावधान में आयोजित होली व ईद मिलन समारोह में रखे।

एसोसिएशन के अध्यक्ष भावेश शर्मा की अध्यक्षता में डॉक्टर बीपी शर्मा परिसर में आयोजित होली व ईद मिलन समारोह में मुख्य अतिथि एसडीएम ने सभी से एकजुटता की अपील की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि तहसीलदार राजकुमार सिंह नायब तहसीलदार योगेश शर्मा एवं अनिल मिश्रा आदि विशिष्ट अतिथि कुंवर सुरेंद्र सिंह , डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी आदि अतिथियों के सम्मान के उपरांत फूलों की वर्षा कर होली और ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर संरक्षक संजय यादव, ओंमकार सिंह, देवेंद्र बिश्नोई, नवदीप शर्मा, सत्यम वर्मा, नवदीप शर्मा के अलावा डॉक्टर अनुज कुमार सिंह ,जिला संघ संचालक कृष्ण गोपाल , व्यवस्थापक राजेंद्र कुमार वकील अहमद, नीरज बिश्नोई ,पुष्पेंद्र चौधरी विशाल बिश्नोई आदि मौजूद रहे। संचालन महासचिव पंकज भदौरिया ने किया।

वहीं तहसील बाार एसोसिएशन के ईद मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण न्यायाधीश कुंवर सूर्य सेन, विशिष्ट अतिथि एसडीएम संत दास पवार, तहसीलदार राजकुमार सिंह, तहसीलदार योगेश शर्मा एवं अनिल मिश्रा ने सभी अधिवक्ताओं को ईद की मुबारकबाद दी। अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा एवं संचालन महासचिव दीपक एडवोकेट ने किया। इस मौके पर प्रदीप कुमार, बृजपाल सिंह, मोहम्मद अय्यूब अहमद, शाकिर सैफी, नन्हे खां, सीपी सिंह सहित समस्त अधिवक्ताओं ने गले मिलकर सभी को ईद की मुबारकबाद दीं। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

# 39 हजार महिलाओं को समूहों से जोड़ने का लक्ष्य

**कुंदरकी, अमृत विचार :** विकास खंड कार्यालय कुंदरकी के सभागार में खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हाउस होल्ड सेचुरेशन और परिवार पहचान योजना की समीक्षा बैठक हुई। इसमें सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक और स्वयं सहायता समूहों के कैडरों ने भाग लिया।

सहायक विकास अधिकारी ग्रामीण विकास ने परिवार पहचान योजना का महत्व, आवेदन प्रक्रिया और ग्रामवार बनी आईडी तथा अगले पांच कार्य दिवसों के लक्ष्य बताए। खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह ने पेंशनधारकों, श्रम विभाग के पंजीकृत श्रमिकों, मनरेगा श्रमिकों तथा किसान सम्मान निधि लाभार्थियों के लिए सभी परिवार पहचान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। विकास खंड में अभी 39 हजार पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय कार्डधारक परिवारों की महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से बाहर हैं, जिससे वे आजीविका योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाती हैं।

# टीबी मुक्त गांव अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



ठाकुरद्वारा ग्राम पंचायत पडला के ग्राम प्रधान पति कुलदीप सिंह एडवोकेट सीएचसी प्रभारी शिल्पी चौधरी गांधी जी की प्रतिमा देकर सम्मानित करती। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व टीबी दिवस के अवसर पर क्षेत्र में टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों एवं ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के तहत ब्लाक ठाकुरद्वारा के गांव पतला खाई खेड़ा बालापुर कुंडेश्वर प्रतापपुर कल्याणपुर मदारपुर ग्राम पंचायतों में टीबी मुक्त गांव अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान एक ग्राम पंचायत को सिल्वर तथा नौ पंचायतों को ब्रॉन्ज श्रेणी में चयनित कर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीबी रोग की रोकथाम, पहचान और उपचार के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र के अधीक्षक/ अधीक्षिका डॉ. शिल्पी चौधरी एवं अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने टीबी उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 में टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके तहत मरीजों की समय पर जांच, उपचार और पोषण सहायता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि जिन गांवों में टीबी के नए मामलों की पहचान कर समय पर इलाज सुनिश्चित किया गया और जागरूकता अभियान चलाए गए, उन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, ग्राम प्रधान, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रंजिशन छात्र पर जानलेवा हमला परिजनों को भी पीटा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सुल्तानपुर खद्दर निवासी सजल कुमार करनपुर स्थित एक लाइब्रेरी में पढ़ाई करने गया था। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे वह अपने एक रिश्तेदार को वाहन में बैठा रहा था, तभी चंदूपूरा गुलरिया के कुछ युवक वहां पहुंचे और रंजिश के चलते उस पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने सजल के गले और पैर की उंगलियों पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इतना ही नहीं, हमलावर उसका मोबाइल फोन और नकदी भी छीन ले गए। सूचना मिलने पर सजल के पिता दीपक कुमार, भाई संकेत और चाचा कपिल आरोपियों से बात करने के लिए जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्हें घेरकर मारपीट की गई, जिससे वे भी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

## न्यूज डायरी




### किसान मेले में वैज्ञानिकों ने दी उन्नत खेती की जानकारी

**कांठ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत कार्यालय गन्ना विकास परिषद, अगवानपुर परिसर में वृहद कृषक मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कृषि विज्ञान केंद्र ठाकुरद्वारा के कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार ने गन्ना खेती में पादप सुरक्षा विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए किसानों को उत्पादकता बढ़ाने, सहफसली खेती, ट्राइकोडर्मा संवर्धन की विधि तथा रोग एवं कीट प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। वहीं कृषि वैज्ञानिक डॉ. अविनाश सिंह ने बसंतकालीन गन्ना बुआई, ड्रिप सिंचाई, फसल चक्र, मृदा परीक्षण एवं गन्ने के साथ अन्य फसलों की सहफसली खेती तथा जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। सचिव गन्ना समिति कांठ ने फार्म मशीनरी बैंक के बारे में जानकारी दी। डायरेक्टर गौरव सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अगवानपुर शीराज मलिक, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ खेत सिंह, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति मुरादाबाद राजेश कुमार आदि रहे।



### सहकारी गन्ना विकास समिति की वार्षिक बैठक में उठे कई मुद्दे

**बिलारी, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति की वार्षिक सामान्य बैठक में 68 लाख रुपये के अनुमानित लाभ का बजट पारित किया गया। इसी के साथ एक अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक का 188 लाख खर्च, 314 लाख आय को स्वीकृति दी गई। समिति द्वारा वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के लिए सदन ने सराहना की। समिति के सचिव आर के पाठक ने सदन के समक्ष 2026–27 का बजट प्रस्तुत किया। बजट में 413 लाख की अनुमानित आय और 344 लाख के अनुमानित व्यय का प्रावधान किया गया है। समिति के सभापति चौधरी विजयपाल सिंह ने कहा अगली बैठक में गन्ना सुरक्षण पर चर्चा की जाएगी। एके मुन्ना ने चीनी मिलों पर बकाया भुगतान की मांग उठाई इस पर सचिव ने बताया बिलारी मिल पर 34 करोड़, वीनस पर दस,करीमगंज पर 3 :42 करोड़ रुपये बकाया है। चीनी मिल के जीएम केन गिरीश कुमार ने अपना पक्ष रखा। बैठक में उपसभापति आराम सिंह, संचालक अमित यादव, नरेश कुमार सिंह, यज्ञपाल सिंह, राकेश कुमार, आदि रहे।



### ब्राह्मण सभा ने नामित सभासदों का किया सम्मान

**बिलारी, अमृत विचार :** भाजपा नेता व सभासद देवेश शर्मा एंव जिलाध्यक्ष प्रबुद्ध सभा द्वारा उनके कैम्प कार्यालय पर ब्राह्मण महासभा की बैठक हुई। जिसमें नगर पालिका के पांच नामित सभासदों का स्वागत किया गया। नामित सभासद श्रीकांत गुप्ता, हेमंत शर्मा, मनोज ठाकुर, दिनेश प्रजापति तथा गीता कोहली को संगठन की ओर से पटका ओढ़ाकर और फूल मालाएं पहनाकर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। सभी नामित सभासदों ने नगर को आदर्श बनाने, का संकल्प लिया। अध्यक्षता डॉ. विश्वास शर्मा ने की। संचालन कर रहे भाजपा नेता देवेश शर्मा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों नामित सभासदों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगत नारायण शर्मा, डॉ. विजय शर्मा, मोहनलाल शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, मुकेश शर्मा, रामाधार शर्मा, नरेश शर्मा, नानक शर्मा, राजीव शर्मा आदि रहे।



### गन्ना उत्पादन तकनीकों की दी जानकारी, उन्नत खेती अपनाने पर जोर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गन्ना विकास परिषद के तत्वावधान में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम रामूवाला गणेश में बुधवार को वृहद कृषक मेले का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के शस्य वैज्ञानिक डॉ. अविनाश सिंह ने किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुआई, ड्रिप सिंचाई, फसल चक्र, मृदा परीक्षण, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा संतुलित उर्वरक प्रयोग के बारे में बताया। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक यशवीर सिंह ने उर्वरकों के सही उपयोग पर प्रकाश डाला। रानीनांगल चीनी मिल के महाप्रबंधक ( गन्ना ) टीएस यादव ने लाइट ट्रैप, फेरोमोन ट्रैप और उन्नत गन्ना प्रजातियों की जानकारी दी। उप महाप्रबंधक सुनील कुमार मलिक ने गन्ना किस्मों के चयन एवं प्रबंधन पर जानकारी दी। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, ठाकुरद्वारा हशमुल हसन, जोनल मैनेजर गन्ना प्रबंधक प्रवीण शर्मा आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सूचना**

हमने अपने पुत्र का नाम MOHAMMAD HASAN SHAIRAZ से बदलकर MOHAMMAD HASAN SHIRAJ रख लिया है। भविष्य मे इसी नाम से जाना जाए । Father- SHIRAJ HAQ Mother- Zaakia Khanam R/O MANPUR MASJID WALI GALI PS, Kotwali मुरादाबाद

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# पाइपलाइन फटने से तीन दिन से पेयजल आपूर्ति ठप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गोपीवाला में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। पिछले तीन दिनों से ग्रामीणों को टंकी का पानी नसीब नहीं हो रहा, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। आलम यह है कि एक ओर गांववासी बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर फटी पाइपलाइन से लगातार पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गुलाम मोहम्मद अहमद की गली में टंकी की मुख्य पाइपलाइन फट गई है, जिससे भारी मात्रा में पानी सड़कों पर बह रहा है। समस्या की जानकारी संबंधित विभाग को देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

# माता कालरात्रि की पूजा को मंदिरों में लगी भीड़



नव चंडी महायज्ञ में आहुतियां देते यजमान। • अमृत विचार

**बिलारी अमृत विचार:** नवरात्र के सातवें दिन माता कालरात्रि की पूजा अर्चना को मंदिरों में भीड़ उमड़ी। श्री राम आश्रम काली मंदिर सहसपुर में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुषों ने पहुंचकर काली माता, दुर्गा माता, संतोषी माता के अलावा श्री राम मंदिर, हनुमान मंदिर के विग्रह में माता टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया जयकारे लगाए भजन संकीर्तन हुआ।

इधर पंडित राघवेंद्र शर्मा की देखरेख में चल रहे नवचंडी महायज्ञ में यजमान के रूप में अखिलेश शर्मा सीमा शर्मा, आशीष गुप्ता राशि गुप्ता, शोभित गुप्ता पूनम गुप्ता आदि ने मुख्य यजमान के रूप में पहले नवग्रह पूजन किया तदुपरांत आहुतियां समर्पित कीं।

## न्यूज ब्रीफ

### नाले में गिरा साइकिल सवार, घायल

**मिलक, अमृत विचार :** बुधवार को ओमप्रकाश निवासी ग्राम धर्मपुरा अपनी साइकिल से मिलक से अपने गांव को जा रहे थे। नींद की झपकी आने से नवदिया गांव के निकट नाले पर साइकिल सवार ओमप्रकाश नाले में जा गिरे स्थानीय लोगों की मदद से ओम प्रकाश को नाले से निकाला गया और सूचना पर 108 एंबुलेंस के ईएमटी खेमपाल पायलट विशाल तत्काल पहुंचे और घायल ओम प्रकाश को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लेकर आए सूचना पर परिजन भी अस्पताल आ गए डॉक्टर ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मनरेगा आयुक्त को भेजा ज्ञापन

**बिलासपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने सामग्री मद मनरेगा का भुगतान कराने की मांग की। बाद में ग्राम्य विकास आयुक्त मनरेगा को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत को सौंपा। बुधवार को संगठन की ब्लाक अध्यक्ष रेशु भारती के नेतृत्व में ग्राम प्रधान खण्ड विकास कार्यालय में एकत्र हुए। बाद में ग्राम्य विकास आयुक्त मनरेगा के नाम ज्ञापन एडीओ पंचायत सलीम हुसैन को सौंपा। जिसमें कहा कि सामग्री मद मनरेगा का भुगतान न होने पर प्रधानों को कड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे विकास कार्य रुक गए हैं। उन्होंने ग्राम्य विकास आयुक्त मनरेगा ने मनरेगा का भुगतान कराने की मांग की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हरजीत सिंह, रियाज अहमद, हरदीप सिंह, गुरपिंदर सिंह, नबी अहमद, देवेंद्र सिंह बाजवा, दलजीत सिंह आदि ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### सूफी अब्दुल अजीज मियां का उर्स आज से

**मिलक, अमृत विचार :** सूफी अजीज मियां का 56वां सालाना उर्स आज शुरू होगा। पहले दिन सरकारी चादरपोशी होगी। ग्राम मुर्शिद नगर भैसोड़ी शरीफ स्थित खानकाहे हसनी, अजीजी, लियाकती के सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा सूफी जावेद हुसैन शाह ने बताया कि 26 मार्च को सुबह 11 बजे कुल शरीफ, शाम 5 बजे सरकारी चादर और गुलपोशी होगी। ईशा की नमाज के बाद महफिल-ए-मिलाद शरीफ होगा। 27 मार्च को शाम 5 बजे आम चादर व गुलपोशी होंगी। रात 8 बजे महफिल-ए-मिलाद शरीफ, महफिल-ए-शमा होगी। 28 मार्च को सुबह 11 बजे कुल शरीफ, महफ़िल-ए-रंगो-शमा और रात 9 बजे मुशायरा और महफिल-ए-शमा होगा।

# 20 दिन बाद भी नहीं मिल रही गैस

## सिलेंडर को लेकर जिले की गैस एजेंसियों पर मारामारी, उपभोक्ता हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** गैस बुक कराने के 20 दिन बाद भी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। गैस एजेंसियों पर सिलेंडर के लिए चक्कर लगा रहे हैं। गैस बुक कराने के बाद मोबाइल पर ओटीपी नहीं आया है। गैस नहीं होने से महिलाओं को खाना बनाने में परेशानी हो रही है। अष्टमी और नवरात्र पर गैस सिलेंडर नहीं मिला है।



एक गैस एजेंसी के बाहर रखे खाली सिलेंडर। ● अमृत विचार

गैस सिलेंडर नहीं होने से लोग परेशान हो रहे हैं। शहर के मोहल्ला पक्का बाग निवासी मुताहिर बताते हैं कि 20 दिन से गैस का सिलेंडर खत्म हो गया है। गैस ऑनलाइन बुक कर दी थी लेकिन, उसके बाद उसका ओटीपी नहीं आया है। एजेंसी पर बता रहे हैं कि सिलेंडर पूरे हो चुके हैं इसलिए अब अगले महीने सिलेंडर मिलेगा। अजहर बताते हैं कि गैस बुकिंग होने के 10 दिन बाद गैस सिलेंडर मिलने की बात एजेंसी संचालक कह रहे हैं। जबकि, लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाना महिलाओं के लिए दुश्वार हो गया है। हीटर और इंडक्शन पर खाना बनाना बहुत महंगा पड़ रहा है गैस नहीं मिलने के कारण काफी परेशानी हो रही है।



अष्टमी और रामनवमी का त्योहार सिर पर है। गैस बुक कराने के बावजूद गैस नहीं मिल रही है। एजेंसी पर सिलेंडर की पर्ची लेने के लिए लगातार चक्कर लगा रहे हैं।

– प्रेम प्रकाश



गैस बुक कराए हुए 20 दिन हो गए हैं लेकिन अभी तक गैस सिलेंडर नहीं मिला है। एजेंसी वाले कह रहे हैं कि आपके सिलेंडर पूरे हो गए अब अगले महीने सिलेंडर मिलेगा।

– मुताहिर



गैस नहीं मिलने से काफी परेशानी हो रही है 10 दिन पहले सिलेंडर बुक कराया था। ईद के त्योहार पर घर में मेहमान भरे हुए हैं गैस नहीं होने से बहुत परेशानी है।

– नूरसबा



10 दिन पहले सिलेंडर बुक करा दिया था लेकिन, अभी तक गैस नहीं मिली है। गैस सिलेंडर के लिए रोजाना गैस एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं। गैस के बिना परेशानी हो रही है।

– अजहर

## नाबालिग छात्र को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचारः** एक व्यक्ति ने एक युवती पर नाबालिग बेटे को नौकरी का झांसा देकर अगवा करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की।

क्षेत्र के गांव अफसरनगर निवासी शेर सिंह द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा कि उनका पुत्र दर्पण सिंह दिनेशपुर उत्तराखंड स्थित एक कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहा था। आरोप है कि पिछले कुछ समय से दर्पण मिर्जापुर निवासी वंदना नाम की युवती के संपर्क में था। वंदना उसे बड़े-बड़े सपने दिखाकर और नौकरी दिलाने का लालच देकर अपने पास बुलाती थी। उन्होंने बताया कि युवती एक सोची समझी साजिश के तहत दर्पण को घर से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई। काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा और उसका मोबाइल फोन भी बंद आने लगा तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सात लाख रुपये हड़पने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

● धोखाधड़ी के मामले में कोर्ट के आदेश पर सात लोग नामजद

**बिलासपुर, अमृत विचारः** धोखाधड़ी कर प्लाट दिलाने के नाम पर सात लाख रुपये हड़पने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की हैं।

थाना खजुरिया क्षेत्र के गांव रम्पुरा बुजुर्ग निवासी मोरकली द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें उसने कहा कि उसके पुत्र प्रेमपाल उर्फ पवन ने मकान बनाने के लिए वर्ष 2023 में सुरेश कोली आदि के माध्यम से प्लाट दस लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। इसकी एवज में उसने साढ़े चार लाख रुपये नकद एवं आरटीजीएस के माध्यम से साढ़े चार लाख रुपये दिए थे। आरोप लगाया कि जब पुत्र ने सुरेश कोली ने प्लाट की रजिस्ट्री कराने को कहा, तो वह आना-कानी करने लगे। बाद में उन्होंने रजिस्ट्री करने से मनाकर दिया। जब उसने अपनी रकम वापस मांगी तो, उसने ढाई लाख रुपये वापस दे दिए। साथ ही बची हुई रकम के चैक दे दिए, जोकि बाउंस हो गए। जब उसने बाउंस हुए चेक की रकम वापस मांगी तो, उन्होंने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। आरोप लगाया कि जब उसने पुलिस से इस मामले में कार्रवाई की मांग की, तो पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। बाद में पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इसके बावजूद भी कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर थाना पुलिस ने सात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर विकास बाबू कोली, आकाश बाबू, सुरेश कोली, कमलेश कोली, पूजा कोली, प्रिया कोली, मुकेश कोली निवासीगण सुभाषनगर दिबदिबा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है,जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

**रामपुर, अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान स्वास्थ्य, राशन कार्ड, विद्युत, राजस्व, पेंशन सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। तहसील मिलक के ग्राम निस्बी निवासी गायत्री एवं ग्राम धमोरा निवासी छोटे को उनके गंभीर स्वास्थ्य उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड तत्काल उपलब्ध कराए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त शिकायतों पर समयबद्ध कार्यवाही करते हुए पीड़ितों को शीघ्र राहत प्रदान की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि लापरवाही या उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



बुजुर्ग को आयुष्मान कार्ड देते डीएम।

## भाकियू अराजनैतकि ने बारिश से बर्बाद फसलों के मुआवजे की उठाई मांग

**रामपुर, अमृत विचारः** भाकियू अराजनैतिक के नगर अध्यक्ष नीरज कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुए। उसके बाद प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

किसानों ने कहा बेमौसम बारिश एवं तेज हवाओं के कारण किसानों की जो फसलें बर्बाद हुई है, ग्राउंड लेवल पर सर्वे कराकर किसान की फसलों का उचित मुआवजा दिया जाए। जिससे की किसान अपना कर्ज जमा कर पाए। उन्होंने कहा किसानों के अंश भाग में खतौनियों के तहत मामूली में त्रुटि होने पर खतौनी में सुधार नहीं किया जा रहा है। लेखपाल किसानों को परेशान करते हैं किसान बार-बार चक्कर काटता है। यदि चार विद्या जमीन है। उसमें तीन भाई है, सह खातेदार है। उनका हिस्सा कैसे ठीक हो, यह कार्य ग्राम पंचायत सचिवालयों शिविर लगाकर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में मरीजों से इलाज के नाम पर पैसे लिए जा रहे हैं। बाहर की दवाइयां लिखी जा रही है मरीजों को घंटों-घंटों पर्चा के लिए लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो हम आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर अब्दुल रज्जाक खान, सुनील कुमार, फरीद खां, बाबर खां, मुशीब अली खान, अब्दुल रहमान, देव कुमार, बलवीर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# बेटियों को किए लैपटॉप वितरित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर महिला कल्याण विभाग द्वारा विकास भवन परिसर में महिला सशक्तीकरण पर विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम किया गया। इसमें नवीं कक्षा के ऊपर की छात्राओं को लैपटॉप वितरित किया और कन्या जन्मोत्सव मनाया।



कार्यक्रम में बेटियों को लैपटॉप वितरित करते अतिथि।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विधायक आकाश सक्सेना, उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं नगर पालिका परिषद रामपुर अध्यक्ष सना मामून द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कोविड-19 महामारी में निराश्रित व अनाथ हुए बच्चों, जो मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड के तहत स्वीकृत हैं। उनकी शिक्षा में निरंतरता बनाए रखने के लिए 4000 रुपये प्रतिमाह की सहायता प्रदान की जा रही है। योजना के तहत लाभान्वित ऐसे बच्चे जो कक्षा-9 व इससे ऊपर की शिक्षा ग्रहण करने वाली छात्रों को शहर विधायक, राज्य महिला आयोग सदस्य, जिलाधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा लैपटॉप वितरित किए गए। कार्यक्रम में कन्या जन्मोत्सव भी मनाया गया। शहर विधायक ने कहा कि शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को भी महिला सशक्तीकरण से जोड़ने की दिशा में गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि विभाग द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जिला स्तर पर व्यापक लाभ प्रदान किया जा रहा है। राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने कहा कि देश की बेटियां और महिलाएं आगे बढ़ेंगी तभी विकसित भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के माध्यम से ही महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सकता है। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या एवं वन स्टॉप सेंटर संचालिका चांद बी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए महिला सशक्तीकरण एवं बाल कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी।

# नवजात की मौत के पांच दिन बाद प्रसूता ने भी तोड़ा दम

● डिलीवरी के दौरान हुई थी नवजात की मौत, लापरवाही का आरोप

**शाहबाद, अमृत विचार :** प्रसव के दौरान कथित लापरवाही का मामला सामने आया है, जिसमें पहले नवजात शिशु की मौत हो गई और पांच दिन बाद प्रसूता ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों ने अस्पताल संचालक और एक डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।



मृतक महिला का फाइल फोटो

गांव दिविया नगला निवासी डंबर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्रवधू ऊषा को 18 मार्च को प्रसव पीड़ा होने पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पीछे एक निजी जच्चा-बच्चा केंद्र में भर्ती कराया था। आरोप है कि वहां मौजूद डॉक्टर और स्टाफ ने सही उपचार नहीं किया और लापरवाही बरती। करीब साढ़े तीन किलो वजनी बच्चे की डिलीवरी के दौरान लापरवाही के चलते मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद ऊषा की हालत बिगड़ने लगी तो अस्पताल संचालक ने उसे रामपुर रेफर कर दिया। रामपुर के एक निजी अस्पताल ने भर्ती करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद परिजन उसे मुरादाबाद के विवेकानंद अस्पताल ले गए। वहां पांच दिन तक चले इलाज के बाद 24 मार्च को ऊषा की भी मौत हो गई। डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## इंस्टाग्राम पर महिला का फोटो डालने पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचारः** इंस्टाग्राम के जरिए विधवा महिला की फोटो का इस्तेमाल किए जाने के विरोध पर गाली-गलौज व धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की। गांव मनिहारखेड़ा निवासी पूनम द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें नैनीताल निवासी प्रदीप जोशी ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी से फोटो निकालकर उनका गलत इस्तेमाल कर रहा है। आरोप है कि उसकी तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ की है और उन्हें अवैध रूप से सोशल मीडिया पर डाल रहा है। बताया कि जब उन्होंने प्रदीप जोशी को फोन कर ऐसा करने से मना किया, तो उसने रुकने के बजाय अभद्र भाषा का प्रयोग किया। साथ ही जान से मारने की धमकियां देने लगा।



न्यूज ब्रीफ

## आज रामपुर आएंगे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**अमृत विचार, रामपुर :** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने बताया कि गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रामपुर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से दोपहर 12 बजे रूबरू होंगे। कांग्रेसी सम्राट अशोक जयंती और होली-ईद मिलन समारोह मनाएंगे।

## करंट देकर युवक को मारने का प्रयास

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मारपीट, जातिसूचक शब्द और करंट लगाकर युवक की हत्या के प्रयास का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक ठेकेदार समेत छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुरादाबाद जनपद के थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम कोकरपुर शहापुर मुबारकपुर निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि शाहबाद के घारमपुर निवासी ठेकेदार संजय पांडेय उर्फ सीताराम पाण्डेय गौरव, बाबूराम, राजेश कुमार, ओमप्रकाश व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति ने उसके व उसके भाई के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और उसके भाई को जनरेटर से करंट लगाकर जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कुत्तों के हमले में बकरे की जान गई, मालिक के खिलाफ केस

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मीरापुर गांव में पालतू कुत्तों के हमले से एक बकरे की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कुत्तों में मालिक डालचंद पर केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी दीनदयाल उर्फ दीनानाथ ने बताया कि उन्होंने तोतापरी नस्ल के दो बकरे पाल रखे थे। आरोप है कि बीती 18 मार्च को गांव के ही डालचंद के दो पालतू कुत्तों ने अचानक उनके बकरों पर हमला कर दिया। कुत्तों के हमले में एक बकरे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा बुरी तरह जख्मी हो गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने लाठी-डंडों के सहारे कुत्तों को भगाया और घायल बकरे को किसी तरह बचाया। घायल बकरे का उपचार कराया जा रहा है।

# शहजादनगर में हाईवे पर बाइक की टक्कर से व्यापारी की मौत

## बेटे-बेटी की चार दिन बाद थी शादी, धमोरा में व्यापारी के परिवार में मातम में बदलीं खुशियां

**कार्यालय संवाददाता रामपुर**

**अमृत विचारः** रामपुर-बरेली हाईवे पर सोमवार रात हुए सड़क हादसे में रेता-बजरी व्यापारी अमीर अहमद सैफी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दिल्ली में उपचार के दौरान मंगलवार रात उनकी मौत हो गई। चार दिन बाद ही व्यापारी के बेटे और बेटी की शादी होनी है, ऐसे में परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।


मृतक अमीर अहमद।

हादसा शहजादनगर थाना क्षेत्र की धमोरा चौकी के पास हुआ था। मिलक के धमोरा निवासी अमीर अहमद सैफी की हाईवे किनारे रेता-बजरी और प्लाई बोर्ड की दुकान थी, जिसके ऊपर ही उनका घर था। सोमवार रात खाना खाने के बाद अमीर अहमद सड़क किनारे टहल रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक चालक अपनी गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घायल व्यापारी को परिजन तुरंत रामपुर ले गए। वहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मुरादाबाद और फिर दिल्ली के लिए रेफर किया गया। दिल्ली के अस्पताल में मंगलवार रात अमीर अहमद ने दम तोड़ दिया। अमीर अहमद के परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। उनके बेटे फरमान और छोटी बेटी की शादी तय हो चुकी थी। घटना के महज चार दिन बाद घर में बारात आनी थी। बेटी की शादी का दहेज ससुराल भेजा जा चुका था और बेटे की शादी का फर्नीचर भी घर आ गया था। शादी के कार्ड रिश्तेदारों में बांटे जा चुके थे। इस हादसे ने परिवार की खुशियों को गम में बदल दिया है। हादसे की सूचना पर पुलिस ने मौके से लावारिस छोड़ी गई बाइक को कब्जे में ले लिया है। शहजादनगर थानाध्यक्ष ने बताया कि घायल की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने बाइक जब्त कर ली है और परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार होटल बावर्ची की मौत

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान शादाब अली 36 के रूप में हुई है, जो मूल रूप से भोट थाना क्षेत्र के ग्राम नरखेड़ी का निवासी था। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों के अनुसार, शादाब नोएडा के एक होटल में बावर्ची का काम करता था और हाल ही में ईद की छुट्टियां बिताने अपने गांव आया था। बीते मंगलवार की रात साढ़े ग्यारह बजे वह घर से अपनी ससुराल के लिए निकला था। इसी बीच नैनीताल हाईवे स्थित गांव लालवाला बाग के निकट किसी अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार से उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शादाब की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय घटना स्थल पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। साथ ही सूचना पाकर मनकरा चौकी प्रभारी चंद्र विक्रम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक, हादसे में मृतक का चेहरा बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था, जिस कारण रात भर उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। काफी प्रयासों के बाद बुधवार की सुबह करीब 9 बजे परिजनों ने उसकी पहचान की। बताया कि पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने और जांच के आधार पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। युवक की मौत की खबर मिलते ही गांव नरखेड़ी में मातम पसर गया है।


मृतक शादाब अली।


मोर्चरी पर मौजूद परिवार के लोग। • अमृत विचार

## अनियंत्रित छोटे हाथी की टक्कर से वृद्ध की मौत

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** दढ़ियाल-काशीपुर मार्ग पर बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में बस का इंतजार कर रहे 65 वर्षीय वृद्ध विजय पाल सिंह की मौत हो गई। यह हादसा एक छोटे हाथी वाहन के अनियंत्रित होकर खंती में गिरने से हुआ। हादसे में छोटे हाथी में सवार सात अन्य लोग भी घायल हो गए। बुधवार सुबह करीब 11 बजे पर्वतपुर निवासी विजय पाल सिंह पुत्र नौबत सिंह रामपुर धम्मन गांव के सामने काशीपुर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान दढ़ियाल की ओर से आ रहा एक छोटा हाथी वाहन, सामने से ओवरटेक कर रही एक स्विफ्ट कार से बचने के चक्कर में अनियंत्रित हो गया। वाहन ने वृद्ध को टक्कर मारी और खाई में जा गिरा। हादसे में वृद्ध विजय पाल सिंह और छोटे हाथी में सवार राजस्थान के एक परिवार के सात सदस्य घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से छोटे हाथी में सवार घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा भेजा, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रामपुर रेफर कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल विजय पाल सिंह को उनके परिजन उत्तराखंड के काशीपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विजय पाल सिंह की मौत की खबर से परिजनों में शोक छा गया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही वृद्ध का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने छोटे हाथी वाहन को कब्जे में लेकर त्रिवेणी शुगर मिल में खड़ा कर दिया है। चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार ने बताया कि इस संबंध में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।


खंती में पड़ा छोटा हाथी • अमृत विचार

# मेडिकल कॉलेज स्थापना में देरी पर आक्रोश


सीएमओ को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। • अमृत विचार

• **उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन**

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** व्यापारियों ने रामपुर में मेडिकल कॉलेज बनवाए जाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह को ज्ञापन सौंपा। पिछले लंबे समय से बेनजीर व जगतपुर गांव की लगभग 100 बीघा जमीन उद्यान विभाग की हस्तनांतरित मेडिकल कॉलेज को होनी थी। जिसके लिए प्रस्ताव पूर्व में जा चुका है लेकिन लापरवाही के चलते भूमि मेडिकल कॉलेज के नाम दर्ज नहीं हुई है। साथी पीपीई मॉडल पर स्वीकृत कराए गए मेडिकल कॉलेज को संचालन व इन्वेस्टमेंट करने वाली फर्म को भी प्रदर्शित नहीं किया गया है।

तिलक नगर कॉलोनी स्थित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यालय से बुधवार को प्रतिनिधि मंडल मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मिला। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीश अग्रवाल ने कहा कि रामपुर की जनता को स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कॉलेज की शीघ्र शुरुआत होना चाहिए। ताकि लोगों को त्वरित इलाज मिल सके। कहा कि इलाज के अभाव में मरीज मर रहे हैं सड़क दुर्घटना के मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पाने के कारण उनकी मौत हो जाती है। बेहतर इलाज सुविधा न मिल पाने के कारण घर मकान बेचकर व बच्चों की शादियों के लिए रखे गहने बेचकर इलाज कराया जाता है। कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से व्यापार मंडल तीन बार मिलकर मेडिकल कॉलेज बनवाए जाने की मांग कर चुका है लेकिन स्थिति जस की तस है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, प्रदेश मंत्री पप्पू खां, संरक्षक शाहिद मामू, संगठन मंत्री गोपाल शर्मा, राहुल सैनी, जमीर साहब, शाहिद अली, राजीव शर्मा,अरविंद गुप्ता, सरदार मंजीत सिंह सिंपल, नूर अहमद, पप्पू , नासिर खान, मुन्ने खां, यासीन भाई, रफी, अंकित सक्सेना, अभिषेक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# समाज में शिक्षकों का स्थान सर्वोच्च : अर्चना


उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मौजूद ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार व शिक्षा अधिकारी।


उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व अभिभावक। • अमृत विचार

• **मिलक विकासखंड में बुधवार को हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम**

**रामपुर, अमृत विचारः** विकासखंड मिलक में बुधवार को ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय प्राधिकारियों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार एवं खंड विकास अधिकारी मिलक राजेश कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।

मुख्य अतिथि अर्चना गंगवार ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र का भविष्य निर्माता है और गुरु का स्थान समाज में सर्वोच्च है। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे अपने विद्यालयों को निजी विद्यालयों के समकक्ष विकसित करने हेतु निरंतर प्रयासरत रहें। खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उन्मुखीकरण के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। पृथ्वी सिंह ने डीबीटी प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन पर जानकारी दी। वहीं अंकुर शुक्ला ने ऑपरेशन कायाकल्प, नवारम्भ एवं स्कूल चलो अभियान जैसे महत्वपूर्ण शैक्षिक अभियानों पर प्रकाश डाला।

खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार कहा कि शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम का कुशल संचालन अंकुर शुक्ला ने किया। इस दौरान ग्राम प्रधान विशम्भर सिंह, साबिर अली सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जाकिर रजा खां, रोहित शर्मा, सुशील कुमार, सैयद अफाक हुसैन, सचिन कुमार पांडेय, महेंद्र प्रताप, गयासुद्दीन, अनूप मिश्रा, तनुजा सिंघल, सीनू गंगवार, शिवम राठौर सहित अनेक शिक्षकों एवं गणमान्य व्यक्तियों की सक्रिय सहभागिता रही।

# बिजली की आपूर्ति नियमित करने की मांग

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने बुधवार को बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता (तकनीकी) लगातार हो रही बिजली समस्या के बारे में अवगत कराया। संगठन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में लगातार हो रही बाधित विद्युत आपूर्ति एक गंभीर समस्या हो गई है।

जिससे व्यापारियों व आम जनमानस को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। त्यौहारी समय में बिजली न होने के कारण व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है और आजीविका भी प्रभावित हो रही है। इसके लिए त्वरित उचित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। कभी ओवरलोड, कभी फाल्ट, कभी ट्रिपिंग, कभी अग्रिम सावधानी बरते जाने के कारण विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाती है। जबकि निरंतर निर्बाध आपूर्ति की अत्यंत आवश्यकता है। पतंगबाजी को आधार बना कर विद्युत आपूर्ति बन्द किया जाना अनुचित है। पेड़ों की टहनियों की कटाई छंटाई के नाम पर भी लगातार विद्युत आपूर्ति बन्द किया जाना अनुचित है। फीडर व सबस्टेशन पर शटडाउन की कार्ययोजना आपके स्तर तक समन्वित आकलन के उपरान्त ही प्रयुक्त किया जाना आवश्यक है। फीडर व सबस्टेशन पर दैनिक आधार पर प्रत्येक बार बाधित आपूर्ति को नियमित रूप से अंकित किया जाना आवश्यक है। इस दौरान शैलेंद्र शर्मा प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शाहिद शम्सी जिला महामंत्री, शोएब नगर अध्यक्ष, प्रदीप खंडेलवाल नगर कोषाध्यक्ष, अवतार सिंह युवा अध्यक्ष, शकेब शम्सी जिला युवा महामंत्री, हारिस शम्सी मीडिया प्रभारी, बिलाल शम्सी उपाध्यक्ष, इमरान सलीम नगर युवाध्यक्ष, राम गुप्ता नगर युवा महामंत्री, मुकेश आर्य उपाध्यक्ष, नजमी खां उपाध्यक्ष, अनिल अरोरा उपाध्यक्ष, उजैर अहमद कार्यकारी सदस्य, फैसल अहमद उपाध्यक्ष, वरुण मिश्रा कार्यकारी सदस्य सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।


अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देते उप्र उद्योग व्यापार मंडल से जुडे.व्यापारी।

• **उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन**

## अंग्रेजी-विज्ञान विषय की कॉपियों का मूल्यांकन पूर्ण

**रामपुर, अमृत विचारः** यूपी बोर्ड हाईस्कूल की अंग्रेजी और विज्ञान विषय की कॉपियों का मूल्यांकन निपट गया है। यूपी बोर्ड की 1 लाख 52 हजार कॉपियों का मूल्यांकन बुधवार तक हो चुका है। राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की 96000 और राजकीय रजा इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की करीब 56000 कॉपियों का मूल्यांकन हो गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि बुधवार को हाईस्कूल के अंग्रेजी विषय की 15 हजार और विज्ञान विषय की 15 हजार कॉपियों का मूल्यांकन कार्य निपट गया है। कड़ी सुरक्षा के बीच जिले में दो मूल्यांकन केंद्रों पर कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा है। हाईस्कूल के मूल्यांकन केंद्र राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज में 308 परीक्षकों ने 17000 कॉपियों का मूल्यांकन किया।

न्यूज डायरी

## धार्मिक स्थलों के पास शराब की दुकान खोलने का विरोध, दिया ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** बुधवार को सभासद मोहसिन खां और फैजान खां सहित अन्य लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां डीएम की अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट और जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि रामपुर मार्ग पर देशी शराब की दुकान खोला जाना प्रस्तावित है। लेकिन दुकान के पास धार्मिक स्थल सादिक मियां की दरगाह व उसके निकट मस्जिद और दो कब्रिस्तान हैं। ऐसे संवेदनशील स्थान पर शराब की दुकान खोलना न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करेगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक वातावरण को भी दूषित करेगा। नागरिकों का आरोप है कि यह प्रस्ताव शासन के उन नियमों की स्पष्ट अनदेखी है, जो धार्मिक स्थलों और कब्रिस्तानों के पास मदिरा की दुकानों की अनुमति नहीं देते। हालांकि दुकान अभी संचालित नहीं हुई है, लेकिन केवल प्रस्ताव की जानकारी मिलते ही वार्डवासियों में रोष व्याप्त है। इस दौरान नईम, अरशद खां, शाहनवाज नागरिक मौजूद रहे। अधिकारियों ने ज्ञापन लेकर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।





## गदईया के सरकारी स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**रामपुर, अमृत विचार :** बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय गदईया निकट हरसुनगला में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान रामपाल और अन्य अतिथियों के द्वारा मां शारदा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन से किया गया। बच्चों द्वारा एक हृदयस्पर्शी नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। नो प्लास्टिक और पर्यावरण बचाओ का संदेश देते हुए कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान गदइया निकट हरसूनगला रामपाल गंगवार, पूर्व प्रधान भानु प्रताप, ग्राम प्रधान हरसूनगला सुनील दत्त आर्य, देवेंद्र कुमार, इरशाद अली, मुकेश गंगवार, नोडल शिक्षक रोहित सक्सेना, रोहित गंगवार, आकाश, शशि गंगवार, अनुज कुमार, कपिल कुमार विद्यालय का समस्त स्टाफ व ग्रामवासी मौजूद रहे। संचालन संगम शुक्ला द्वारा किया गया।



## व्यापारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने वित्तमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुरेश खन्ना को संबोधित ज्ञापन शहर विधायक आकाश सक्सेना को दिया। ज्ञापन में प्रदेश के व्यापारियों की समस्याएं प्रमुख रूप से रखीं। जिसमें जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों का स्वास्थ्य बीमा, पंजीकृत व्यापारियों की दुकान जलने का एक करोड़ रुपये का बीमा, नगर निगम और नगर पालिका द्वारा बढ़ाए जा रहे गृहकर पर रोक लगाने की मांग की है। उनकी मांग है कि केवल 10 प्रतिशत कर की बढ़ोत्तरी की जाए, सरकारी विभागों का बकाया रकम देर से जमा करने पर व रिटर्न लेट जमा करने पर लागू ब्याज दर 18 प्रतिशत घटाकर 9 प्रतिशत कि जाए। ज्ञापन देने में जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, युवा जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता, युवा नगर अध्यक्ष नवीन भाटिया, नगर अध्यक्ष छोटेलाल रस्तोगी, मुनीष गुप्ता, राकेश टंडन, निखिल रस्तोगी, प्रथम खंडेलवाल, किशन लाल शर्मा, प्रवीण मित्तल आदि मौजूद रहे।

## ओलंपियाड में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** सेंट पॉल्स स्कूल में आयोजित ओलंपियाड में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ . अरुण दयाल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के गुण का विकास करते हैं जो कि व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत उपयोगी हैं। विद्यालय में ओलंपियाड के संयोजक आमिर अहमद अंसारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा 7 की छात्रा मरियम मकसूद ने क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसके लिए उनको 5100 रुपये, कक्षा 11 के छात्र उमैर मुजीब ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और उनको 2100 रुपये जबकि कक्षा 9 के अर्शदीप ने जिला स्तर पर ही तृतीय स्थान प्राप्त कर 1100 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज पाठक ने कहा कि छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन अत्यंत आवश्यक है । वर्तमान समय में मात्र पुस्तकीय ज्ञान के माध्यम से मानसिक और तर्कशक्ति का विकास संभव नहीं है।



नवरात्र

मंदिरों में सातवें दिन मां कालरात्रि देवी की हुई पूजा अर्चना

# मंदिरों में कल मनाया जाएगा महानवमी महोत्सव


मंदिर में भजन कीर्तन करते भक्त। • अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्र पर बुधवार को मंदिरों में सातवीं देवी कालरात्रि का श्रृंगार करने के बाद पूजन हुआ और भक्तों ने जयकारे लगाए। पुरोहित पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने यज्ञ में आहुतियां देकर जगत कल्याण के लिए प्रार्थना की।

मिस्टन गंज स्थित मंदिर में सप्तशती पाठ, कवच पाठ, दुर्गा चालीसा, गणेश वंदना, भजन कीर्तन हुआ और महाआरती हुई। महाआरती में राजेन्द्र सिंह, राम भरोसे लाल यादव, तिलक राज वासन, सुखदेव मिश्रा, नीरज, राजेन्द्र, शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल, पंडित सत्यम शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, सुधा, प्रतीक जिंदल, मुकेश कुमार रावत, अन्नू मिश्रा, हरि बाबू गुप्ता, विनीत लाला, दिनेश, सुरेश, सुनीता, राधा, शांति, सीमा, मधु, अवतार सिंह, मनजीत सिंह, अमनदीप सिंह आदि शामिल रहे। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को आठवीं देवी महागौरी की पूजा अर्चना की जाएगी। यज्ञ अनुष्ठान कन्या पूजन किया जाएगा 27 तारीख को महानवमी राम जन्म उत्सव मनाया जायेगा।

डॉ. राधेश्याम वासंतेय ने बताया कि श्री त्रिपुरेश्वरी शक्ति पीठ में श्रीराम नवमी महोत्सव पर सुबह 8 बजे से महायज्ञ होगा। इसके दोपहर 1 बजे से भंडारा होगा।

## मां कालरात्रि देवी की हुई पूजा अर्चना

**अमृत विचार, मिलक :** चैत्र नवरात्रि की सप्तमी को मां कालरात्रि देवी की पूजा अर्चना एवं हवन शिव शक्ति पंचमुखी हनुमान मंदिर में हुआ। एडवोकेट योगेश बंसल सुलह अधिकारी ने बताया कि 26 मार्च को महा अष्टमी है। जिसमें प्रतिदिन की भांति प्रात: 8 से 9 बजे तक यज्ञ व हवन होगा। दोपहर बाद से नवमी आ रही है जोकि 27 मार्च को दोपहर 12 बजे तक रहेगी। 27 मार्च को प्रात: 8 से 9 बजे तक यज्ञ होगा उसके बाद कन्या जिमाई जाएंगी एवं प्रसाद का वितरण होगा। इस अवसर पर डॉ. रजनीश गर्ग, डॉ . मीनू गर्ग, संतोष त्रिवेदी, रामचंद्र अग्रवाल, नीता अग्रवाल, शिव कुमार, अमन कुमार, शशि बंसल आदि उपस्थित रहे। हवन व पूजन का कार्य पंडित प्रशांत मिश्रा एवं पंडित आशीष मिश्रा ने कराया।


मां कालरात्रि देवी की शिव शक्ति पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हवन करते भक्त।

# गैस की किल्लत से जूझ रहे उपभोक्ताओं ने लगाया जाम

## गैस एजेंसी संचालक के खिलाफ की नारेबाजी, भाकियू नेताओं ने भी जताया विरोध, नायब तहसीलदार के आश्वासन पर माने

संवाददाता, हसनपुर


उपभोक्ताओं को समझाते प्रभारी निरीक्षक। ● अमृत विचार


जाम लगाते उपभोक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गैस की किल्लत से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बुधवार को कस्बे में स्थित एक गैस एजेंसी पर पहुंचे उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार के बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिला। इससे आक्रोशित उपभोक्ताओं ने सड़क पर खाली गैस सिलेंडर रख दिए और जमकर नारेबाजी करते हुए जाम लगा दिया। इससे यातायात प्रभावित हो गया। सूचना पर तहसीलदार और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और उपभोक्ताओं को समझाकर मामला शांत किया। इस मौके पर भाकियू आंबेडकर ने भी उपभोक्ताओं को साथ देते हुए विरोध जताया।

कस्बे में बुकिंग के बाद भी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। कई दिन से एजेंसी के चक्कर काट रहे उपभोक्ताओं को काफी समस्या हो रही है। बुधवार को गैस लेने पहुंचे उपभोक्ताओं का सब्र का बांध टूट गया। गैस न मिलने पर सभी ने गैस एजेंसी के सामने सड़क पर सिलेंडर रख दिए और नारेबाजी करने लगे। गैस सिलेंडर रखकर रोड पर बैठे उपभोक्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। इसी बीच भाकियू आंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी भी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच गए और उपभोक्ताओं के हक में आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण उपभोक्ताओं को काफी दिक्कत हो रही है। यूनियन इसका विरोध करती है। यदि समाजहित में उन्हें सड़क पर बैठना पड़ा तो वह बैठेंगे। उपभोक्ताओं का आरोप था कि अन्य एजेंसियों पर स्थिति सामान्य है, लेकिन इसी एजेंसी पर उन्हें जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। इस दौरान उपभोक्ताओं की करीब एक किमी लाइन लग गई।

### नायब तहसीलदार के आश्वासन पर माने

जाम लगने की सूचना पर तहसीलदार मनोज कुमार और थाना प्रभारी राजेश तिवारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर रोड से हटाया। इस दौरान रोड पर लंबी कतारें लग गईं थी। तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि लोगों को जल्द ही गैस सिलेंडर मिलेगा। चिंता करने की बात नहीं है। वहीं थाना प्रभारी ने लोगों से कहा कि किसी के बहकावे में आकर कानून हाथ में न लें, गैस सिलेंडर सभी को मुहैया कराया जाएगा। सभी को गैस सिलेंडर मिल जाएगा। नायब तहसीलदार ने एजेंसी संचालक को व्यवस्था सुधारने के कड़े निर्देश दिए हैं, जिसके बाद मामला शांत हो सका।

### मुझे भी हो रही दिक्कत

हसनपुर गैस एजेंसी संचालक दिनेश गौतम ने अपनी सफाई पेश करते हुए कहा, मैं खुद आपकी समस्या के समाधान में लगा हुआ हूं, आपसे ज्यादा परेशानी मुझे हो रही है। बताया कि गैस सिलेंडर उपलब्ध होने पर सभी को मिल जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि संयम बनाए रखें। गैस आने पर सभी को मिलेगी। जाम लगाकर आमजन को परेशान न करें।

## गैस सिलेंडर फटने से लगी चाय की दुकान में आग

● दुकानदार ने किसी तरह दुकान से निकलकर बचाई खुद की जान

**गजरौला अमृत विचार :** हाईवे किनारे स्थित बड़े रेस्टोरेंट के पास स्थित चाय की टपरी दुकान मे भीषण आग लग गई। रेगुलेटर में आग लगने के बाद गैस सिलेंडर जोरदार धमाके के साथ फट गया। दुकानदार ने किसी तरह से बाहर निकलकर खुद को आग से बचाया।

जानकारी के अनुसार हसनपुर के मौहल्ला कोट निवासी फैजान की एक बड़े रेस्टोरेंट के पीछे केतली किंग के नाम से चाय व काफी की टपरी है। यहां पर अंकुश नामक कर्मचारी चाय बना रहा था, तभी रेगुलेटर में आग लगने के बाद कमर्शियल सिलेंडर में आग लग गई। जिसके बाद सिलेंडर फट गया और पूरी दुकान में आग फैल गई। अंकुश और आसपास के दुकानदार दुकानें छोड़कर बाहर आ गए।

## रहस्यमयी हालात में दंपती की मौत गांव में दहशत

**बिजनौर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव मसूरी बुजुर्ग में बुजुर्ग दंपती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जीराज सिंह (75) और उनकी पत्नी रामरती देवी (72) गांव के बाहर स्थित अपने मकान में रहते थे। मंगलवार रात दोनों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली देहात पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बुजुर्ग जीराज सिंह का शव घर के बाहर खंभे के पास पड़ा मिला, जबकि उनके सिर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। वहीं उनकी पत्नी का शव कमरे के अंदर मिला, जिनके शरीर पर कोई स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों के अनुसार दंपती कुछ दिन पहले ही पारिवारिक कार्यक्रम के लिए पैसे निकालकर लाए थे, जिसके चलते हत्या की आशंका भी जताई जा रही है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, हसनपुर

● गंगा एक्सप्रेसवे अंडरपास के निकट हुआ हादसा

**अमृत विचार:** सैदनगली थाना क्षेत्र के उझारी-बुरावली मार्ग पर गंगा एक्सप्रेसवे के अंडरपास के सड़क हादसे ने बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव निरयावली भूड़ निवासी राहुल पुत्र जबर सिंह 25 वर्षीय के रूप में हुई है।


मृतक राहुल।

मृतक के पिता का कहना है कि बुधवार की सुबह राहुल अपनी ससुराल हैबतपुर सलारपुर जा रहा था। जैसे ही वह उझारी बुरावली मार्ग पर गंगा एक्सप्रेसवे अंडरपास के नीचे पहुँचा, तो सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि राहुल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने मौके पर पहुँचकर जमकर हंगामा किया। बताया जा रहा है कि राहुल की शादी 3 साल पहले हुई थी। उसकी पत्नी काजल दिव्यांग दृष्टिबाधित है और उनका एक 2 वर्षीय मासूम बेटा है। घर के कमाऊ सदस्य की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सहरावत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और कड़ी मशक्कत के बाद परिजनों को शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि दुर्घटना करने वाले ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया है।

## उद्यमियों की समस्याओं का हो निस्तारण: डीएम

**अमरोहा, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मासिक उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा कि बैठक में उठाए गए सभी बिंदुओं का समाधान अगली बैठक से पहले हर हाल में किया जाए। उन्होंने लंबित निवेश मित्र पोर्टल के मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश भी दिए। बैठक में मैसर्स जीआर सॉल्वेंट एंड एलाइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्या पर अधिशासी अभियंता विद्युत को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ढोलक हस्तकला एसोसिएशन, जय ओम नगर और जैकेट-ढोलक मर्चेंट्स की सड़क निर्माण की मांग पर नगर पालिका परिषद अमरोहा के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया।

## भाकियू ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बुलंद की आवाज


बैठक को संबोधित करते किसान नेता शीशपाल सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर की मंडी समिति के प्रांगण में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन की एक तहसील स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह ने कहा कि भाकियू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं पर थाना रजबपुर पुलिस ने जो मुकदमे दर्ज किए हैं, जिससे किसानों में भारी रोष है। अगर प्रशासन द्वारा दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो भारतीय किसान यूनियन धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल करने को मजबूर होगी। बैठक की अध्यक्षता हर दयाल सिंह ने की और संचालन तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह ने किया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह, राकेश, शीशपाल सिंह, बृजपाल सिंह, रोहतास, विजयपाल, ओम प्रकाश, करन सिंह, हरिओम, महेंद्र आदि रहे।

## किन्नर के यहां हुई चोरी का खुलासा

**हसनपुर, अमृत विचार:** पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर प्रेसवार्ता कर सीओ पंकज त्यागी ने सैदनगली में हुई चोरी की घटना का खुलासा किया। बुधवार को खुलासा कर सीओ पंकज त्यागी ने बताया कि आरोपी उस्मान निवासी सम्भल की जल्द ही शादी होने वाली थी, जिसके खर्च के लिए उसने चोरी की योजना बनाई। नन्ही किन्नर की शिष्या गुडिया से जान-पहचान होने के कारण उसे घर की रेकी करने का मौका मिल गया। 20 मार्च को जब घर के लोग सम्भल गए थे, तब आरोपी ने ग्लैंडर मशीन और सब्बल से अलमारी काटकर आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया था। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और सटीक सूचना के आधार पर आरोपी को दबोचकर शत-प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित की है। पुलिस ने चोरी का माल बरामद कर लिया है।

## भाकियू चौधरी चरण सिंह की जागरूक यात्रा का हुआ स्वागत

**हसनपुर अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के द्वारा निकाली जा रही जागरूक यात्रा का नगर में पहुंचने पर क्षेत्रीय अध्यक्ष राहुल शर्मा के नेतृत्व में किसानों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया गया। भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के द्वारा किसानों के हितों की रक्षा हेतु 17 मार्च को एक जागरूक यात्रा का आयोजन किया गया। जो विभिन्न जनपदों में भ्रमण करती हुई बुधवार को नगर पहुंची जागरूक यात्रा का मंडी समिति पर क्षेत्रीय अध्यक्ष राहुल शर्मा के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया गया तथा गांव में पंचायत कर किसानों से संवाद किए गए। किसानों को राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने संबोधित किया।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उस्मान द्वारा संस्था मस्जिद आला हजरत इन्तेजामिया कमेटी, ग्राम चित्तुपुर तह. बिलारी, जिला मुरादाबाद का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. उस्मान- अध्यक्ष 2. मुकारीब अली- सचिव/मंत्री 3. रहीश- कोषाध्यक्ष 4. शाह हुसैन 5. नजाकत 6. अरशद 7. उस्मान- मेम्बर दर्शाये गये हैं। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आनन्द विक्रम सिंह**
**सहायक निबन्धक**

## न्यूज डायरी

### विद्यार्थियों ने प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया



**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर के जे.एस. हिंदू पीजी महाविद्यालय में आयोजित तृतीय युवा महोत्सव के तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण, तबला वादन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम में पहुंची मुख्य अतिथि संगीता जैन ने कहा कि यहां आकर उन्हें मंदिर जैसी दिव्यता का अनुभव हुआ। छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोलियों ने इस माहौल को और भी पवित्र बना दिया। विशिष्ट अतिथि, हिंदू कॉलेज मुरादाबाद के प्राचार्य प्रो. सत्यव्रत रावत, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह ने विचार व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिता में मंतशा, वरदा, कशिश त्यागी, कृतिका सक्सेना, युसरा जावेद, यासिरा, विनीता, अंजली गौतम, सना, महक राणा, दुर्गेश्वरी और मो. खालिद समेत अन्य प्रतिभागियों ने 'व्यवहारिक जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग' विषय पर अपने विचार रखे। वहीं तबला वादन प्रतियोगिता में शंभू शरण शर्मा, तुषार कुमार, मुस्कान, करिश्मा, वंशिका और चंचल आदि ने शानदार प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संयोजक डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि महोत्सव के चौथे दिन श्लोक अंत्याक्षरी, लोक नृत्य एवं वैत-बाजी (शेर-ओ-शायरी) प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।



### मां कालरात्रि की विधि विधान से की गई पूजा अर्चना

**अमरोहा, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के सातवें दिन शहर के मंदिरों में मां भगवती के सातवें स्वरूप माता कालरात्रि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और दिनभर दर्शन-पूजन का सिलसिला चलता रहा। शहर के दुर्गा मंदिर, प्राचीन श्री वासुदेवतीर्थ मंदिर में सहित विभिन्न मंदिरों में भक्तों ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही श्री वासुदेवतीर्थ मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। पुजारी पंडित विद्यानंद झा ने बताया कि नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की विशेष पूजा की जाती है। श्रद्धालुओं ने दिनभर व्रत रखकर माता की पूजा की और परिवार की सुख-शांति की कामना की।



### मां भगवती के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की हुई पूजा

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार को नगर स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पर चौत्र नवरात्र के सातवें दिन मां भगवती के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की भक्तों द्वारा विधि विधान एवं सनातन धर्म के अनुसार पूजा अर्चना कर मां भगवती से घर में सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रातः से ही मां चामुंडा मंदिर सहित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, माई जी महाराज का मंदिर आदि मंदिरों पर भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर मंदिरों पर पुलिस बल तैनात रहा।

### हसनपुर चैंपियन लीग सीजन-2 का आगाज



**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर की खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से बुधवार को नत्थूमल एकेडमी में हसनपुर चैंपियन लीग सीजन-2 का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फीता काटकर किया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण खेल में प्रतिभाग करना है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से नगर के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। इशांत सैनी, संजीव सैनी, मयंक, आशु प्रजापति, राजन भाई, पॉवर चौहान, राहुल दक्ष, असद भाई आदि मौजूद रहे।

## परीक्षा के डर से घर छोड़कर चली गई थीं छात्राएं

**संभल, अमृत विचार :** जनपद संभल के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री कक्षा 7 की छात्रा है, और गांव की ही रहने वाली एक 10 वर्षीय छात्रा जो प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 में पढ़ती है, सोमवार सुबह करीब 8 बजे परीक्षा देने के लिए घर से निकली थीं। परिजनों के अनुसार दोनों छात्राएं समय पर घर से निकलीं, लेकिन दोपहर 12 बजे तक वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने शाम को थाना जुनावई पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बच्चियों की खोजबीन शुरू कराई। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दोनों छात्राएं जुनावई अड्डे तक जाती हुई दिखाई दीं। मंगलवार को पुलिस को दोनों छात्राएं चंदौसी में सकुशल मिलीं। पूछताछ में बच्चियों ने बताया कि वे परीक्षा के डर से घर से निकल गई थीं और रास्ता भटककर चंदौसी पहुंच गईं। उन्होंने किसी तरह अपने परिजनों से संपर्क किया, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को उनकी लोकेशन की जानकारी दी।

## हर शहादत इंकलाब लाती है : डॉ.अब्दुल


मजलिस को खिताब करते अब्दुल मजीद। ● अमृत विचार

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** मुहल्ला सादात के इमामबारगाह दादे हिमायत अली मे शहीद ख़ामेनई की ईसाले सवाब के सिलसिले से मजलिस हुई। जिसमें मंगलवार रात दिल्ली स्थित ईरानी कल्चर हाउस से ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह शहीद ख़ामेनई के नुमाइंदे आयतुल्लाह डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही सैदनगली नगर पंचायत पहुंचे। जिनसे मिलने के लिए हजारों की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

नगर के पश्चिमी बस स्टॉप पर ही उनका शिया, सुन्नी व हिन्दू समुदाय के लोगों ने स्वागत किया। लोगों ने इजराइल और अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगाए। मोहल्ला सादात के इमाम बारगाह दादे हिमायत अली मे शहीद ख़ामेनई की ईसाले सवाब के सिलसिले से मजलिस हुई। जिसमें मर्सियाखुवानी डॉ लईक हैदर और हमनवा हज़रात ने की। मजलिस को ईरान के नुमाइंदे आयतुल्लाह डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने विचार रखे।

## मधुमक्खियों के हमले से चार किसान घायल

**डिडौली, अमृत विचार :** तोफापुर गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब खेतों पर काम कर रहे चार लोगों पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। यह घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव तोफापुर की है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी जसवंत सिंह, विमला देवी, श्याम सिंह और लोकेंद्र खेतों पर काम करने गए हुए थे। इसी दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया, जिससे चारों घायल हो गए।

**कार्यालय पथ प्रकाश विभाग, नगर निगम, मुरादाबाद**

पत्रांक: 477/पत्रप्र.वि./न.नि.मु./2025 दिनांक: 25.03.2026

**निविदा सूचना**

बुद्धि बिहार स्थित आवास विकास मे निर्मित श्रीराम वाटिका मे दांगी ओर स्पीकर कंट्रोल सिस्टम लगाने हेतु सम्बन्धित फर्मो/कम्पनियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.03.2026 से दिनांक 31.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे नगर निगम मुरादाबाद के अपर नगर आयुक्त/वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश के कार्यालय में मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 01.04.2026 को सांय 04:00 बजे खोली जायेंगी। निविदादाता को निविदाओ में निर्धारित धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के स्थान पर नगर निगम, मुरादाबाद के Bank of Baroda के खाता संख्या 27050100020717 आई0एफ0एस0सी0 कोड BARB0BLYMOR में ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र अपर नगर आयुक्त/वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश के कार्यालय से दिनांक 31.03.2026 को अपरान्ह 01.00 बजे तक अंकन रू0 1250/- के नगद भुगतान पर प्रात कर सकते है। निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में आकर पथ प्रकाश कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। दर रहित अपूर्ण, अथवा खुली निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम, मुरादाबाद के सक्षम अधिकारी में निहित होगा। **नोट :- निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तें व नियम निविदा प्रपत्र मे उल्लिखित है।**

**अपर नगर आयुक्त/वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश**
**नगर निगम, मुरादाबाद**

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चन्द्र विजय सिंह द्वारा संस्था श्री योगेश्वर शिव मन्दिर सेवा समिति, ग्राम अभनपुर पो. कुन्दरकी तहसील बिलारी, मुरादाबाद का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. चन्द्र विजय सिंह- अध्यक्ष 2. ओमपाल सिंह- प्रबन्धक 3. अरूण कुमार- कोषाध्यक्ष 4. प्रेन्द्रपाल 5. अमित कुमार 6. जितेन्द्र सिंह 7. नकुल चौधरी 8. अरविन्द कुमार 9. वीरू कुमार- सदस्य दर्शाये गये हैं। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आनन्द विक्रम सिंह**
**सहायक निबन्धक**

**कार्यालय जिलाधिकारी रामपुर**

पत्रांक: 1764/नाजिर सदर दिनांक: 24/3/2026

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि वित्तीय वर्ष 2026-27 (1-4-2026 से 31.3.2027) तक के लिये कलेक्ट्रेट परिसर स्थित केन्टीन, साईकिल स्टेन्ड का सार्वजनिक नीलाम अधोहस्ताक्षरी के सम्मुख दिनांक - 30.03.2026 को अपरान्ह 4.00 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में किया जायेगा नीलाम की शर्ते निम्नवत हैं। बोली बोलने वाले व्यक्ति को निम्नलिखित प्रमाण पत्र बोली बोलने से पूर्व दिनांक 30.03.2026 को पूर्वान्ह 12.00 बजे तक जमानत राशि जमा करना अनिवार्य होगा बोलीदाता को निम्नानुसार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है तथा नीलाम की शर्तो को पूर्ण करना आवश्यक होगा ।

**नीलाम की शर्तेः-**

1- जिलाधिकारी रामपुर द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (2 वर्ष के लिये) जिसकी अवधि नीलाम तिथि को वैध हो, जमा करना होगा।

12- जिलाधिकारी रामपुर द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र जो कम से कम 5,00,000.00 रू. (2 वर्ष के लिये) जिसकी अवधि नीलाम तिथि को वैध हो, जमा करना होगा।

3- बोलीदाता को नजारत विभाग कलेक्ट्रेट, रामपुर की नीलामी में सम्मिलित होने हेतु 20,000.00 रू. की धनराशि जमानत के रूप में एफ.डी.आर./बैक ड्राफ्ट/नकद प्रभारी अधिकारी नजारत के पक्ष में जमा करनी होगी।

4- बोलीदाता को नो ड्यूज प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

5- नीलाम की धनराशि पर आयकरधनराशि, नीलाम धनराशि के अतिरिक्त तत्काल जमा करना होगा।

6- बोली छूटने के पश्चात सर्वाधित बोलीदाता को 1ध्4 धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि नीलाम स्वीकृति के उपरान्त जमा करना अनिवार्य होगा ।

7- नीलाम की शेष धनराशि नियत अवधि में एक मुश्त जमा न करने पर ठेकेदार द्वारा जमा की गई धनराशि व 1/4 धनराशि जब्त करते हुये ठेका निरस्त करते हुये पुनः नीलाम कर दिया जायेगा और ठेकेदार से बकाया की वसूली भू-राजस्व मालगुजारी के रूप में वसूल की जायेगी ।

8- नीलाम स्वीकृति के उपरान्त ठेका अन्य व्यक्ति ध संस्था को हस्तान्तरित नही किया जा सकता है।

9- नीलाम स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार जिलाधिकारी महोदय रामपुर का होगा ।

10- अन्य शर्ते नीलामी के समय कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है।

**प्रभारी अधिकारी नजारत**
**कृते जिलाधिकारी, रामपुर।**

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक की टक्कर से युवक घायल, भर्ती

**चंदौसी, अमृत विचार :** बहजोई रोड पर बुधवार की दोपहर स्टंट कर रहे बाइक सवार युवक ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल का उपचार सरकारी अस्पताल में कराया गया। कोतवाली के गांव मौलागढ़ निवासी अंकुर बुधवार की दोपहर एक बजे साइकिल से अपने घर जा रहा था। बहजोई रोड के संभल तिराहे के पास पीछे से कुछ युवक बाइकों पर स्टंट करते आ रहे थे। जिसमें एक बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार अंकुर घायल हो गया। जबकि बाइक सवार टक्कर मारकर वहां से भाग गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसने घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**संभल, अमृत विचार :** गर्ल्स इंटर कॉलेज सरायतरीन में कक्षा 6 से 11 तक की छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कॉलेज की प्राचार्या जहां आरा तबस्सुम ने बताया कि इस प्रकार की पहल से छात्राओं में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है और वे आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होती हैं। प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं जिन छात्राओं का परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा, उन्हें निराश न होकर आगे और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर हाजी शहादत, मुहम्मद इकराम, मुहम्मद नाज़िम, तखलीक़ अहमद, अनुराधा पाल, नबी हसन, सानिया, सुल्ताना परवीन, हाजी नूर इलाही, हाजी शराफत हुसैन, ताहिर सलामी, नफीसा बानो, मोहम्मद मेराज आदि मौजूद रहे।

### अचानक बढ़ा गंगा का जल स्तर, फसलें डूबी

**बबराला, अमृत विचार :** गंगा के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि से राजघाट के आसपास सैकड़ों बीघा गंगा की रेती में उगी पालेज की फसलें तरबूज, खरबूज, खीरा, लौकी, टमाटर और मिर्च आदि पानी में डूब गई हैं। अचानक आई इस बाढ़ जैसी स्थिति ने किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। किसानों का कहना है कि फसल तैयार है, लेकिन जलभराव के कारण अब फसलों के सड़ने का खतरा बढ़ गया है।

# नवरात्र के सातवें दिन कालरात्रि की आराधना

## मंदिरों में उमड़ी आस्था की भीड़, सुबह से मंदिरों में श्रद्धालु लगाते रहे माता के जयकारे, भक्तिमय दिखा वातावरण

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** वासंतीय नवरात्र के सातवें दिन जनपद भर में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा कर मां से सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली और संकटों से मुक्ति की कामना की।

शहर के हल्लू सराय स्थित प्राचीन चामुंडा मंदिर में तड़के पांच बजे से ही पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने मां कालरात्रि के दर्शन कर अपने जीवन में सुख-शांति की कामना की। मंदिर परिसर 'जय माता दी' के जयकारों से गूंजता रहा। महिला श्रद्धालुओं ने भजनों के माध्यम से मां दुर्गा का गुणगान किया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। इसी तरह हयातनगर स्थित चामुंडा मंदिर और घुंघावली के देवी मंदिरों में भी दिनभर पूजा-अर्चना का क्रम जारी रहा। श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, फूल-माला और प्रसाद अर्पित कर मां का आशीर्वाद लिया। कई भक्तों ने व्रत रखकर विशेष पूजन किया और परिवार की उन्नति के लिए मनौतियां मांगीं। शाम के समय मंदिरों में भक्ति का उल्लास और अधिक बढ़ गया। हल्लू सराय चामुंडा मंदिर में आयोजित सामूहिक महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पुजारी महंत मुरली सिंह ने विधिवत महाआरती संपन्न कराई। आरती के दौरान पूरे मंदिर परिसर में घंटों और शंखनाद की गूंज के बीच श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। जनपद के सिरसी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्रों के मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और जागरण जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नवरात्र के चलते चामुंडा मंदिर सहित तमाम देवी मंदिरों के आसपास विशेष सजावट की गई है। जगह-जगह फूलों और रोशनी से सजे मंदिर श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे हैं। चामुंडा मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।



संभल के प्राचीन चामुंडा मंदिर हल्लू सराय में देवी की महाआरती में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### आज घर-घर होगा कन्या पूजन, मंदिरों में विशेष तैयारियां

नवरात्र के आठवें दिन दुर्गाष्टमी पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। घर-घर में कन्या पूजन किया जाएगा। श्रद्धालु मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा-अर्चना कर कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन करेंगे। दुर्गाष्टमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन नौ छोटी कन्याओं को भोजन कराकर, उनका पूजन करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। इसके लिए लोगों ने घरों में साफ-सफाई कर पूजा स्थल सजाए हैं। कन्याओं के लिए चना, पूड़ी, हलवा सहित विभिन्न व्यंजन तैयार किए गए हैं। संभल के चामुंडा मंदिर में दुर्गाष्टमी को लेकर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। महंत मुरली सिंह ने बताया कि महिला व पुरुष श्रद्धालुओं को अगल कतारों में दर्शन कराने के साथ ही महिलाओं के अष्टमी पूजन के लिए परिसर में इंतजाम किया गया है। पंडितों के अनुसार दुर्गा अष्टमी का दिन शक्ति उपासना का विशेष दिन होता है। इस दिन विधि-विधान से पूजा करने पर विशेष फल की प्राप्ति होती है।

# श्रद्धालुओं ने की मां कालरात्रि पूजा अर्चना



चंदौसी में माता रानी की पूजा अर्चना करती महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना हुई। महिलाओं ने मंदिरों व घरों में माता के भजनों का गुणगान किया। मंदिरों पर भी महाआरती का आयोजन किया गया।

बुधवार को सुबह से ही नगर के सीता रोड स्थित सिद्धपीठ बगिया वाली देवी मंदिर, रामबाग स्थित सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर, मौलागढ़ के मां कंकाली देवी मंदिर, कैथल गेट स्थित श्री देवी गंगा देवी मंदिर, सीकरी गेट स्थित देवी मंदिर के अलावा नगर व ग्रामीण अंचलों के देवी मंदिरों पर श्रद्धालुओं सुबह से ही पूजा अर्चना को पहुंचना शुरु हो गए।

दोपहर को मंदिरों व घरों में महिलाओं व युवतियों ने मां दुर्गा के सुंदर-सुंदर भजनों का गुणगान किया। वहीं शाम के समय मंदिरों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरु हो गया। मंदिरों पर हुई महाआरती में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने गुरुवार को होने वाले अष्टमी पूजन से पूर्व उपवास रखा। मां की पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

- कोर्ट ने आरोपी पर लगाया, 85 हजार का जुर्माना
- 2017 में आरोपियों ने की थी घिनौनी हरकत

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

**अमृत विचार:** थाना असमोली क्षेत्र के एक गांव में वर्ष 2017 में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को अदालत ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 85 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

मामले की सुनवाई जिला न्यायालय में अपर एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश सिंह की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी आदित्य कुमार सिंह ने पैरवी की। वादी के अनुसार घटना 19 अगस्त 2017 की है। उस समय वह बाहर रहकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी पत्नी और बच्चे घर पर थे। आरोप है कि गांव के ही नसीम, रिजवान और शाकिब पुरानी रंजिश के चलते शाम करीब चार बजे घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला और बच्चों के साथ मारपीट की। रिजवान ने महिला के साथ अभद्रता की, जबकि नसीम और शाकिब ने नाबालिग बेटी को जबरन कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता द्वारा विरोध और शिकायत की बात कहने पर आरोपियों ने उसके गले में रस्सी का फंदा डालकर हत्या करने की कोशिश की। बेहोश होने पर उसे मृत समझकर आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले में थाना असमोली में तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस प्रकरण में एक आरोपी नसीम को 19 मार्च 2026 को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि शाकिब को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया था। तीसरा आरोपी रिजवान घटना के बाद से फरार चल रहा था, जो बुधवार को अदालत में पेश हुआ। सुनवाई के बाद अदालत ने रिजवान को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 85 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# रंजिश में प्रधान पक्ष पर हमला, सात के खिलाफ रिपोर्ट

**संभल, अमृत विचार:** थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के गांव मिलक सिरसी निवासी ग्राम प्रधान फैयाज ने बताया कि गांव में एक महिला मृत्यु हो गई थी। जिसे कब्रिस्तान में दफनाने के बाद जब वह अपने साथियों के साथ वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में अफजल, इरफान, सरताज व गुलजार, भूरा , जरीफ और तहजीब ने प्रधानी चुनावी रंजिश के चलते गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। मारपीट में शिकायतकर्ता के हाथ और सिर में चोट आई, जबकि उनके चाचा अजीज के सिर में गंभीर चोट बताई गई है। घायलों को उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल भेजा गया है। थाना प्रभारी सुधीर पंवार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# लुटेरों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश

- एएसपी ने घटना स्थल का किया निरीक्षण
- पीड़ित परिवार से ली घटना की जानकारी

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई में सोमवार देर रात हुई लूट की वारदात के बाद बुधवार को एएसपी कुलदीप सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

बताया गया कि सोमवार देर रात करीब पांच बदमाशों ने गांव निवासी हरपाल के घर धावा बोल दिया। बदमाशों ने हरपाल और उसके परिवार को हथियारों के बल पर बंधक बना लिया और उनके हाथ बांध दिए। इसके बाद घर में रखे जेवरात और नकदी लूट ली। वारदात के दौरान बदमाशों ने किसी प्रकार की दया नहीं दिखाई। घर में मौजूद बीमार बच्ची को भी कोहनी मारकर घायल कर दिया। इसी बीच हरपाल की पत्नी ने लघुशंका के बहाने बाहर आकर शोर मचा दिया, जिससे बदमाशों में अफरा-तफरी मच गई। इसके बावजूद बदमाश करीब पांच लाख रुपये के जेवर और नकदी लूटकर फरार हो गए। हालांकि भागते समय एक बदमाश दीवार फांदते वक्त गिरकर घायल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मंगलवार को क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी और प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया था। पुलिस पकड़े गए बदमाश से पूछताछ कर अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। बुधवार को एएसपी ने टीमों को सक्रिय करते हुए जल्द से जल्द पूरे गिरोह का खुलासा करने के निर्देश दिए। पकड़े गये बदमाश ने अपने साथियों के नाम पुलिस को बता दिये हैं। उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।



असालतपुर जारई में एएसपी को घटना के बारे में समझाते सीओ दीपक तिवारी।

# फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** जनपद के थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव खोयापुर में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले को लेकर मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है।

गुन्नौर के गांव घुघईया की रहने वाली इंद्रेश यादव (24) की शादी 2022 में सुबोध यादव निवासी गांव खोयापुर के साथ हुई थी। परिजनों के अनुसार, इंद्रेश चार दिन पहले ही मायके से ससुराल आई थी। बुधवार को उसके फंदे पर लटकने की सूचना मायके पक्ष को मिली, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस गांव पहुंची और जांच शुरू कर दी। इंद्रेश के भाई सर्वेश ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज को लेकर उसकी बहन को प्रताड़ित करता था। उसने बताया कि हाल ही में बहन के पति ने फोन कर चार लाख रुपये की मांग की थी। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर ससुर खमानी, पति सुबोध, सास प्रवेश, जेठानी कमलेश और जेठ प्रमोद ने मिलकर उसकी बहन की हत्या कर दी। विवाहिता अपने पीछे ढाई वर्षीय बेटी काव्या और एक वर्षीय पुत्र गोलू को छोड़ गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जनप्रतिनिधियों का फोन नहीं उठाते अफसर

- बैठक में जताई नाराजगी, कहा जनता की समस्याओं पर भी ध्यान नहीं देते हैं अधिकारी

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के निर्देश पर जनपद स्तरीय बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में बिजली से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। अध्यक्षता कर रहे विधायक इकबाल महमूद ने कहा कि कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद समय पर ठीक नहीं किए जाते, जिससे जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को प्राथमिकता से लेते हुए उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। वहीं गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी यादव ने भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याएं उठाईं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों द्वारा फोन न उठाने का मुद्दा भी प्रमुखता से रखा। इस पर मुख्य अभियंता ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों के फोन हर हाल में उठाए जाएं, और यदि किसी कारणवश कॉल रिसीव न हो सके तो तत्काल कॉल बैक कर समस्याएं सुनी जाएं। नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू ने बहजोई क्षेत्र की बिजली समस्याओं को उठाते हुए कहा कि नजदीकी बिजली घर को शीघ्र चालू कराया जाए, ताकि विद्युत आपूर्ति सुचारु बनी रहे। बैठक में अधीक्षण अभियंता हिमांशु वार्ष्णेय ने गत वर्ष बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी।



बहजोई में बैठक में शामिल जनप्रतिनिधि व पावर कारपोरेशन के अधिकारी।

# 1.31 करोड़ की कर चोरी में पिता-पुत्र गिरफ्तार

- फर्जी दस्तावेजों के अधार पर कराया था फर्म का पंजीकरण

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** नवीन मंडी स्थल बबराला के पते पर पंजीकृत एक फर्म द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जीएसटी पंजीकरण प्राप्त कर सरकार को 1.31 करोड़ का राजस्व नुकसान पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वाणिज्य कर विभाग की जांच में मामला उजागर होने के बाद दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई।

जानकारी के अनुसार, वाणिज्य कर विभाग की जांच में संबंधित फर्म का कोई वास्तविक व्यापारिक अस्तित्व नहीं मिला। इसके बाद फर्म का पंजीकरण निरस्त कर 1,30,98,104 का कर व अर्थदंड की मांग निर्धारित की गई। एफआईआर के अनुसार कथित गंगा ट्रेडिंग कंपनी ने जीएसटी पंजीकरण के समय मोबाइल नंबर, ई-मेल और कृषि उत्पादन मंडी समिति की रोकड़ रसीद को व्यापार स्थल के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया था। संदेह होने पर संयुक्त आयुक्त के निर्देश पर 9 नवंबर 2020 को मंडी परिसर में जांच कराई गई, जहां न तो फर्म की कोई दुकान या गोदाम मिला और न ही किसी प्रकार की व्यापारिक गतिविधि पाई गई। मंडी समिति अधिकारियों ने भी स्पष्ट किया कि फर्म को लाइसेंस तो जारी किया गया था, लेकिन उसे कभी स्थायी दुकान आवंटित नहीं हुई और न ही उसने मंडी में कोई कारोबार किया। जांच के दौरान पंजीकरण प्रपत्र में दिए गए मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने पर भी फर्म से जुड़े दावों की पुष्टि नहीं हो सकी। जांच में सामने आया कि फर्म ने कूटरचित किरायेदारी दस्तावेजों के आधार पर जीएसटी पंजीकरण लिया और बिना वास्तविक व्यापार किए बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट पास कर राजस्व को नुकसान पहुंचाया। 25 फरवरी 2022 को फर्म का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया।

इस मामले में राज्य कर अधिकारी अजय सिंह की तहरीर पर थाना बबराला में फर्म के कथित स्वामी अशोक कुमार पुत्र उदयपाल सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि विवेचना के दौरान बहजोई के मोहल्ला ऊपर कोट गोलागंज निवासी डालचंद और उसके पुत्र गोविंद का नाम सामने आया। पुलिस ने बुधवार को दोनों को बहजोई स्थित उनके प्रतिष्ठान से गिरफ्तार कर लिया।



संभल में बबराला पुलिस की गिरफ्त में आरोपी पिता पुत्र ● अमृत विचार

# दहेज के लिए दिया तीन तलाक, बच्चों को भी ले गया पति

**संभल/मनोटा, अमृत विचार:** ढकिया की रहने वाली रूबीना का कहना है कि उसका निकाह 28 नवंबर 2016 को गुफरान निवासी ओल्ड मुस्तफाबाद दिल्ली) के साथ हुआ था। विवाह के समय उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। निकाह के बाद उसके दो बच्चे बेटी जिया और पुत्र जीशान हुए। आरोप है कि पति गुफरान, सास समीना, ससुर इकबाल और ममेरा ससुर शमीम अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। 29 जुलाई 2025 को दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने उसे तलाक बोलकर और मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह बच्चों के साथ अपने मायके आ गई। आरोप है कि 28 दिसंबर 2025 को सास-ससुर व अन्य परिजन उसके मायके आए और बहला-फुसलाकर दोनों बच्चों को अपने साथ ले गए।

## न्यूज डायरी

### बिछड़े बच्चे को पुलिस ने परिजनों को सौंपा



**बबराला, अमृत विचार :** वासंतिक नवरात्र के दिनों में ''मिशन शक्ति'' विशेष अभियान के तहत गुन्नौर पुलिस ने एक बिछड़े बच्चे को सकुशल परिजनों को सौंपा गया। मिली जानकारी के अनुसार मिशन शक्ति टीम की उपनिरीक्षक गुरजिंदर कौर, कांस्टेबल प्रियंका, कल्पना, नीरज और होमगार्ड कौशल बुध बाजार क्षेत्र में अभियान का प्रचार-प्रसार करते हुए गश्त कर रही थीं। इसी दौरान टीम को एक छोटा बच्चा अकेले घूमता हुआ मिला। पूछताछ करने पर बच्चे ने अपना नाम अरशान पुत्र सलमान निवासी भिरावटी बताया। इसके बाद मिशन शक्ति टीम ने परिजनों की तलाश शुरू की और कुछ ही समय में बच्चे के पिता सलमान व माता नाजरीन को खोज लिया। पुलिस ने बच्चे को सकुशल उसके मां बाप के सुपुर्द कर दिया।



### महिलाओं ने किया माता रानी का गुणगान

**बबराला, अमृत विचार :** संस्कार भारती के तत्वावधान में नवरात्र के 7वें दिन बुधवार को पूजा गुप्ता के आवास पर मां भगवती के भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता रानी के दरबार में दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसके बाद महिलाओं ने भक्ति भाव से भजन प्रस्तुत किए। संस्कार भारती मेरठ प्रांत की लोक कला संयोजक डॉ. ममता राजपूत ने मां भगवती की महिमा का गुणगान करते हुए नवरात्रों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं को अपनी लोक कलाओं से जुड़कर सनातन संस्कृति को सशक्त बनाने का आह्वान किया। भजन-कीर्तन के बाद आरती का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित महिलाएं भक्ति में लीन होकर झूम उठीं। इस अवसर पर शैली गुप्ता, नीरू गुप्ता, गुंजन वार्ष्णेय, क्षमा गुप्ता, डॉली गुप्ता, अंशिका वार्ष्णेय, राखी वार्ष्णेय, नेमवती यादव, हेमा गुप्ता और कंचन गुप्ता आदि रहीं।



### विधि विधान से की गई देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

**बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर कस्बे में बदायूं मार्ग स्थित प्राचीन चामुण्डा मठिया में बुधवार को वैदिक रीति-विधान के साथ पूजन-अनुष्ठान कर देव प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। हाल ही में श्रद्धालुओं के सहयोग से मठिया का जीर्णोद्धार कराया गया है। प्राण-प्रतिष्ठा से पहले नगर में बैंड-बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति भाव से भजन-कीर्तन करते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। मठिया परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्यों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई गई।

### स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मियों ने उठाई छह माह के मानदेय की मांग



**चंदौसी, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को पिछले छह माह से मानदेय न मिलने के कारण वह आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। सीएचसी प्रभारी से मिलकर मानदेय दिलाए जाने की मांग की है । संविदा कर्मियों का कहना है कि वह एक कंपनी के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों स्वीपर, चौकीदार, वार्ड बॉय, वार्ड आया, माली, ड्राइवर आदि के अल्प वेतन के पद पर कार्यरत हैं। सभी कर्मचारियों का पिछले छह माह से मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद मानदेय नहीं मिला है। जिससे परिवार के पिछले सारे त्योहारों की खुशियां अधूरी रह गयी। इतनी महंगाई के समय में परिवार का भरण पोषण करना बहुत मुश्किल हो गया है। बच्चों के स्कूल की फीस जमा न होने से उनका नाम स्कूल से काटने की धमकी दी जा रही है । मांग करने वालों में अनमोल कश्यप, शरद शर्मा, सुरेंद्र कुमार, माला, क्रांति, मुनेश, अनुराग, बाजिद सैफी, दीपेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, मन्जू, हरिराम कश्यप, संतोष कुमार आदि रहे।

